तापमान

अधिकतम 40.8 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 15 मई 2025



12 कर्नल पर अभद्र टिप्पणी कांग्रेसियों ने फूंका पुतला





13 मचांदुर कॉलेज में कंप्यूटर कार्यशाला का आयोजन









भव्य शुभारंभ

22-23 मई 2025

ओम ज्वेलर्स

OM JEWELLERS

अपने नए शोरूम के साथ ओपन होने जा रहा है

शॉप नं. 64-B, इंदिरा मार्केट, दुर्ग (छ.ग.)

जितना सोना... उतना चाँदी फ्री...

रानी हार, कुंदन ज्वलेरी, चुड़ी सेट, माथे का टीका कमरबंद, अंगुठी, बालिया, बाजुबंद, पायल, झुमका नेकलेश व हालमार्क की सभी ऑल वैरायटी उपलब्ध

ज्वेलरी की रिपेयरिंग में त्वरित सेवायें हमारे द्वारा पायें

50% की छूट मेकिंग चार्ज में

हर 10,000/- की खरीदी पर चांदी की मुर्ति फ्री

916(22c), 833(20c), 750(18c) ऑल वैरायटी उपलब्ध

किसी भी जेवर का भुगतान घर से करने की सुविधा ➜ चेक पेमेंट सुविधा ➜ ऑल कार्ड ऑनलाईन पेमेंट भुगतान करने की सुविधा


## खबर संक्षेप

### कार में बैठकर हुक्का पीते पांच युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध रुप से हुक्का पीने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर पांच रईसजादों को गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 21(2) कोटपा एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि ट्रैफिक कार्यालय सुपेला के सामने इनोवा कार सीजी 07 बीएच 9500 में युवकों द्वारा हुक्का पिया जा रहा था। इस दौरान सुपेला पुलिस ने दबिश देकर इनोवा कार से साकेत नगर कोहका भिलाई निवासी अनिकेत नायक, वैशाली नगर ऋषभ कुमार जैन, सेक्टर 6 सडक 51 क्वाटर 1/एन 4 निवासी दीपक गुप्ता, डबरापारा निवासी दुर्गेश कुमार घृतलहरे, शांति नगर निवासी आयुष सोनी को पकड़ लिया। युवकों के पास से पुलिस ने पुराना हुक्का पाइप जिसके दोनों किनारे लकड़ी का हुक्का लगा, स्टील का हुक्का पार्ट, एक पुराना कांच का मटकी, हुक्का पार्ट सीलबंद, हुक्का हर्बल फ्लेवर का पैकेट, पैकेट कोक, पैकेट कोक खुला, पैकेट खुला पेपर जब्त किया है। युवकों द्वारा एक दूसरे का हुक्का आदान प्रदान कर पी रहे थे। सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि पूरे शहर में गश्त कर ऐसे लोगों को पकड़ा जाएगा।

### फ्लैट के नाम पर 4.50 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** फ्लैट के नाम पर ठगी करने वाले का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस नें आरोपियों कीर्ति विश्वनाथ और वी.निरंजना के खिलाफ धारा 318 (4),3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी ठेकादार प्रवीण कुमार सोनी ने शिकायत किया है कि कीर्ति विश्वनाथ और वी.निरंजना दोनों ने फ्लैट 204 लोटस आरकेड जुनवानी स्मृति नगर का अपने फ्लैट बिक्री कर रहे है। तब पीड़ित ने दोनों से संपर्क कर 7 सितंबर 2024 को मकान खरीदने को लेकर आरोपियों से 14 लाख रुपए में फ्लैट को लेकर सौदा हुआ था। जिसका 2 लाख बयाना स्वरुप दिया गया। मकान रजिस्ट्री करने कहने पर लगातार घुमाते रहे। प्रदीप गजपाल से 1.5 लाख, प्रदीप चौबे से 1 लाख रूपये उसी मकान का इकरारनामा तैयार कर रकम लिया गया। दोनों आरोपियों ने अन्य तीन प्रदीप गजपाल, प्रदीप चौबे , संजय साठवाने से भी उक्त फ्लैट का सौदा किया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### सोना और हीरे के जेवरात पार, केस दर्ज

**भिलाई।** मकान से हीरा व सोने के जेवरात को पार करने के मामले में भिलाई नगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि तालपुरी निवासी किशोर भंडारी बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मी है। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किया गया। उसमें बाहरी व्यक्ति का फुटेज मिला है। बेड मे लगे कबर्ड मे रखे गहने की चोरी कर फरार हो गया। उक्त जेवरातों की कीमत 88 हजार 500 रुपए आंकी गई है। मकान से सोने का जेवरात 1.8 तोला और 2 टाप्स हीरे का गायब है। जब परिजनों ने जेवरात को खोजा गया तो उसमें गायब मिला। जांच जारी है।

### सीजी बोर्ड: सेजस बारहवीं में 89.09 और दसवीं का रिजल्ट 79.15 प्रतिशत

# स्वामी आत्मानंद स्कूलों का रिजल्ट 3% बेहतर, मेरिट में भी दो विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बारहवीं व दसवीं के घोषित रिजल्ट में दुर्ग जिले के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का योगदान बेहतर रहा है। बारहवीं में 12 और दसवीं में 6 स्कूलों का 100 फीसदी रिजल्ट आया है। जिले में 38 स्वामी आत्मानंद स्कूल हैं इनमें बारहवीं में पांच स्कूल और दसवीं में एक स्कूल के नतीजे 100 फीसदी हैं। खास बात यह है कि दसवी बोर्ड में जिले के 5 विद्यार्थी मेरिट में रहे जिनमें 2 छात्राएं स्वामी आत्मानंद स्कूल के ही हैं।जिनमें सेजस नगपुरा की वैष्णवी देवांगन 98.33 प्रतिशत लेकर प्रदेश में छठवां और सेजस रिसाली की रिहा देवांगन 98.17 प्रतिशत अंक लेकर सातवां स्थान लिया है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों का रिजल्ट 3.6 प्रतिशत बेहतर

अलग खबर

जिले में स्वामी आत्मानंद स्कूलों का रिजल्ट बोर्ड परीक्षा में उम्दा रहा है। दुर्ग जिले के सरकारी स्कूलों का ओवरऑल रिजल्ट बारहवीं में 88.67 और दसवीं में 75.55 प्रतिशत आया। बारहवीं में स्वामी आत्मानंद स्कूलों का बारहवीं का रिजल्ट 89.09 और दसवी का 79.15 फीसदी रहा। इस तरह बारहवीं में 0.42 प्रतिशत और दसवीं में 3.6 फीसदी अधिक रहा है।

### 99 से 80 प्रतिशत वाले दसवीं में 81 व बारहवीं में 102 स्कूल

जिले में दसवीं के 189 स्कूल और बारहवीं के 133 स्कूल हैं। सीजी बोर्ड परिणाम में 99 से 80 प्रतिशत वाले स्कूलों में दसवी में 81 और बारहवी में 102 स्कूल आए हैं। दसवी की परीक्षा 11536 विद्यार्थियों ने दी थी जिसमें 8715 उत्तीर्ण रहे। बारहवीं में 9232 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 8186 सफल हुए।

### ब्लॉकवार नतीजे में दुर्ग ब्लॉक पिछड़ा

दुर्ग जिले में तीन ब्लॉक हैं। ब्लॉकवार नतीजों को देखें तो दसवी में पाटन और बारहवीं में धमधा ब्लॉक के विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। दुर्ग ब्लॉक इस बार पिछड़ गया है। दसवी में पाटन ब्लॉक 76.71 प्रतिशत, दुर्ग ब्लॉक 75.50 प्रतिशत और धमधा ब्लॉक का रिजल्ट 74.48 प्रतिशत रहा। बारहवी में धमधा ब्लॉक 89.07 प्रतिशत, दुर्ग ब्लॉक 88.82 प्रतिशत और धमधा ब्लॉक 87.94 प्रतिशत नतीजे दिए हैं।



### 90 फीसदी से ज्यादा अंक अर्जित किए 276 विद्यार्थियों ने

बोर्ड के नतीजे में दुर्ग जिले में केवल 276 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से ज्यादा अंक पाने में कामयाब रहे हैं। जिनमें दसवी में 253 और बारहवी में महज 23 विद्यार्थी।

### 59% से कम परिणाम वाले 36 स्कूल

बोर्ड परिणाम में जिले के 36 स्कूलों का परिणाम काफी निराशाजनक रहा है। जिसमें दसवी के 35 स्कूल और बारहवी के महज एक स्कूल हैं। इसी तरह 79 से 60 प्रतिशत के बीच दसवी में 67 और बारहवीं में 18 स्कूलों का रिजल्ट रहा।

### समीक्षा कर तैयार करेंगे रोडमैप

“दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के आधार पर नए शैक्षणिक सत्र में रोडमैप तैयार किया जाना है। जिससे दोनों की बोर्ड के विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा सफल हो सके।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ दुर्ग

### दसवीं 100 फीसदी रिजल्ट वाले स्कूल

- पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बालाजीनगर खुर्सीपार दुर्ग
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उमरपोटी दुर्ग
- शासकीय हाई स्कूल खुरमुड़ी पाटन
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देवरी धमधा
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलोदी दुर्ग
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पहंडोर पाटन


### बारहवीं 100 फीसदी रिजल्ट वाले स्कूल

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उमरपोटी दुर्ग
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पउवारा दुर्ग
- स्वामी आत्मानंद जनता इंग्लिश मीडियम स्कूल भिलाई-3 दुर्ग
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देवरी धमधा
- स्वामी आत्मानंद स्कूल अमलेश्वर पाटन
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला घोंठा धमधा
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुगदा पाटन
- स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सेक्टर-6 भिलाई-दुर्ग
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जमराव पाटन
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गुंडरदेही पाटन
- पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल कुम्हारी
- स्वामी आत्मानंद स्कूल तमेरपारा धमधा

### साइकिल स्टैंड का हो रहा था संचालन

# मंगल बाजार में चौकी प्रभारी के नाम से अवैध वसूली, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ आरोपी ने बकायदा पर्चियां छपा रखी थी

स्मृतिनगर पुलिस चौकी प्रभारी के नाम की धौंस दिखाकर साइकिल स्टैंड में अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के बाद चौकी प्रभारी गुरुविंद संधू ने मामले की जानकारी ली, इसके बाद आरोपी पुरानी बस्ती कोहका निवासी गीतेश साहू को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर शिकायत मिली कि वार्ड 13 पुरानी बस्ती कोहका में मंगलवार को साप्ताहिक मंगल बाजार लगता है। मंगलवार शाम को यहां तीन लोग बाकायदा मंगल बाजार साइकिल स्टैंड के नाम पर पर्ची छपवाकर वहां साइकिल, बाइक और कार खड़ी करने वाले लोगों से किराया वसूल रहे थे। कुछ लोगों ने अवैध साइकिल स्टैंड को लेकर आपत्ति जताई। जब उन्होंने स्टैंड चलाने से मना किया तो स्टैंड संचालक ने कहा वो स्मृति नगर चौकी प्रभारी के कहने पर स्टैंड चला रहा है। लोगों ने इस बारे में चौकी प्रभारी से पूछा। चौकी प्रभारी ने अनभिज्ञता जताई। इसके बाद आरोपी के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की। चौकी प्रभारी संधू ने बताया कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है, वे आरोपी को जानते तक नहीं है। सूचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### संग्राम चौक कैंप क्षेत्र की घटना

# डोमिनोज पिज्जा कर्मी का शव संदिग्ध हालत में कमरे में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ पोस्टमार्टम के बाद कारणों का होगा खुलासा

डोमिनोज पिज्जा कर्मी का मकान में शव मिलने सने सनसनी फैल गई। शव को पीएम के लिए भेजा गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि सड़क 18 संग्राम चौक कैम्प निवासी रोहित गणेश भगत 26 वर्ष का उसके कमरे में मृत हालत में शव मिला है। युवक डोमिनोज पिज्जा में काम करता था। घटना के समय कमरा बंद कर होम थिएटर की आवाज फुल कर गाना सुन रहा था। होम थिएटर काफी देर तक चलने से परिजनों ने कमरे को चेक किया। तब रोहित मृत पड़ा मिला। इसके पूर्व भी रोहित ने कान में एयर फोन लगाकर काफी देर तक सो गया था। इसी को सोच परिजनों उसे नहीं उठा रहे थे। जब कमरे में जाकर देखा तो रोहित का शव पड़ा मिला। मौके से पुलिस को किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। बहरहाल इस पूरे मामले परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

# खदान पारा नेवई में जलसंकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ टैंकरों से पेयजल आपूर्ति के निर्देश, शहर में बिगड़ रहे हालात

खदान पारा नेवई में पेयजल संकट गहरा गया है। इसका खुलासा तब हुआ जब महापौर शशि सिन्हा यहां सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान नागरिकों ने लो प्रेशर की वजह से अंतिम छोर तक पानी के नहीं पहुंचने की शिकायत की। पेयजल टैंकर की मांग रखी। महापौर शशि ने पूर्व निर्धारित टैंकर प्वाइंट की न केवल जानकारी ली, बल्कि समय पर टैंकर उपलब्ध कराने निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने सफाई संबंधी जानकारी नागरिकों से ली। भ्रमण कार्यक्रम में एमआईसी अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, पार्षद राहुल राय, जल विभाग प्रभारी गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

महापौर शशि सिन्हा ने नागरिकों से अपील की है कि पानी को व्यर्थ न बहाए साथ ही खुले नल पर टोटी अवश्य लगाए। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि जिस घर के नल में टोटी नहीं लगाया जाएगा या पानी व्यर्थ खुले स्थान में बहते पाए जाने पर कार्यवाही प्रावधान के अनुरूप की जाएगी।

### नंदिनी पुलिस ने बस को जब्त कर चालक पर की कार्रवाई

# ननकट्ठी में बस ने बाइक चालक को कुचला, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मृतक- तेजकुमार



तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बस चालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है।

नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि मेड़ेसरा निवासी तेज कुमार साहू 28 वर्ष अपनी बाइक सीजी 7 सीएल 1492 से धमधा-बेमेतरा सड़क से मेड़ेसरा की ओर आ रहा था। इस दौरान बस सीजी 07 ई 6111 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए बाइक सवार तेज कुमार को चपेट में लिया। इसकी जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने बस को रोककर सड़क को जाम कर दिया। पुलिस की समझाइश के बाद शव को पीएम के लिए मरच्यूरी भेजा गया, परिजनों को घटना की सूचना दी गई। घटना कोड़िया ननकट्ठी ग्राम के पास हुई। घटना के बाद बस चालक फरार हो गया। ठोकर इतनी तेज थी कि बस के सामने का हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। शव को सड़क पर छोड़ ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। मुआवजा की मांग की। मौके पर तहसीलदार पहुंचे और परिजनों को 25 हजार रुपए की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके अलावा साथ ही बस मालिक व दुर्घटना बीमा, अन्य सहायता दिलाने का आश्वासन के बाद माहौल शांत हुआ।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


### आईजी गर्ग ने साइबर थाने का किया निरीक्षण

# साइबर क्राइम वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती इसलिए नई तकनीकों का प्रशिक्षण जरूरी: आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



साइबर अपराधों से जुड़ी जानकारी लेने बुधवार को आईजी राम गोपाल गर्ग साइबर थाना पहुंचे। निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाना भवन की जानकारी ली। रिकॉर्ड, पंजियों, उपयोग में लाए जा रहे सॉफ्टवेयर की गहन समीक्षा की। साइबर थाना प्रभारी को विभिन्न पहलुओं पर दिशा-निर्देश दिया। आईजी गर्ग ने पोर्टल में दर्ज साइबर शिकायतों, केस ट्रैकिंग प्रणाली, अनुसंधान की प्रगति, तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता, स्टाफ की संख्या की भी समीक्षा की। आईजी ने कहा कि साइबर अपराध वर्तमान समय की गंभीर चुनौती है। इससे निपटने के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों के साथ प्रशिक्षित की आवश्यकता है। इस दिशा में सभी अधिकारियों को हर स्तर पर सतर्कता बरतने, तकनीकी दक्षता में लगातार सुधार करने के निर्देश दिए। आईजी ने भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर कर्मयोगी ऐप के माध्यम से ट्रेनिंग लेने के भी निर्देश दिए।

### सीसीटीएनएस कक्ष का भी किया अवलोकन

निरीक्षण के दौरान सीसीटीएनएस कक्ष का भी अवलोकन किया। नफीस, सीसीटीएनएस, साइबर पोर्टल, सिटीजन सर्विसेज से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गर्ग ने अधिकारियों को साइबर प्रहरी जनजागरूकता अभियान को और प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंचाने का सुझाव दिया। जिससे नागरिक सतर्क रहें और ऑनलाइन ठगी से बचाव कर सकें। साइबर थाना दुर्ग रेंज प्रभारी निरीक्षक तपेश्वर नेताम, उपनिरीक्षक डॉ. संकल्प राय समेत सीसीटीएनएस कर्मी, पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला मौजूद थे।


HONDA

The Power of Dreams

दुनिया के सबसे बड़े निर्माता से जुड़ने का सुनहरा अवसर

क्षेत्र : • दारगांव धमधा • लिटिया सेमरिया धमधा • बोरी (दनिया) धमधा • जेवरा सिरसा, दुर्ग • चंदखुरी, दुर्ग • अंजोरा चौक, दुर्ग

होंडा भारत की तेजी से विकसित टू व्हीलर कंपनी है जिसके लाखों संतुष्ट ग्राहक हैं। कंपनी अपने अधिकृत सर्विस सेंटर नेटवर्क का विस्तार करना चाहती है। आपके लिए हमारा पार्टनर बनने का यह अवसर है। हम साथ मिलकर अपनी आकांशाओं के बुलंदी तक ले जाएँगे और हमारे ब्रांड का घर-घर में नाम करेंगे।

संपर्क करें :

श्री सांईराम होंडा स्टेशन रोड, दुर्ग फोन: 8458882333

TEAM CREATIVE ADVERTISERS



# नाके में जांच का काम छोड़ दफ्तर में बाबूगीरी कर रहे विभाग के सिपाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन व परिवहन पर नजर रखने तीन जांच नाका बनाया गया है। इस नाके में सिपाहियों को सेवा देनी है। लेकिन नाके में पदस्थ सिपाही विभाग में बैठकर बाबूगिरी का काम कर रहे हैं। पात्रता नही होने के बाद भी इन्हें बाबू की कुर्सी में बैठाकर कार्य कराया जा रहा हैं। जबकि इधर जांच नाके में कार्यवाही का कार्य भगवान भरोसे चल रहा हैं।

जानकारी अनुसार खनिज विभाग में पहले ही अमले की कमी हैं, जिसके चलते अवैध खनन व परिवहन पर कार्यवाही कमजोर है। इसके बाद भी सिपाहियों को मुख्यालय में में बाबूगिरी का कार्य कराया जा रहा है। खनिज विभाग द्वारा जिले में सेलूद, पथरिया और गुढियारी में जांच नाका बनाया गया है। इन सिपाहियों की ड्यूटी यहां होनी चाहिए। लेकिन विभाग के अधिकारी ने इन्हें टंकण ओर बडी बात लेखा, पंजी संधारित करने जैसे कार्य कराए जा रहे है। विभाग द्वारा किए गए कार्य विभाजन मं रेखा सोनी, सिपाही और मनीष सेन सिपाही को नाके में भेजने के बाद दफ्तर में कार्य कराया जा रहा हैं। यही नही खनिज विभाग में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से रायल्टी से संबंधित कार्य कराए जाने की शिकायत भी कलेक्टर से हुई हैं। इसके बाद भी खनिज अधिकारी द्वारा सिपाहियों को मलाईदार पोस्ट देकर दफ्तर में अटैच कर रखा गया है। जबकि यहां नाके में बेधडक अवैध खनन और परिवहन के कार्य हो रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि, रायल्टी पर्ची कांटने की लडाई भी इन दिनों विभाग के अंदर जमकर होने लगी है। दो महिला कर्मचारियों में इसे लेकर विवाद भी गरम हैं। जिसमें एक महिला कर्मचारी ने कलेक्टर से शिकायत की थी।

## अवैध खनन पर लगाम नहीं, जिलेभर में धड़ल्ले से चल रहा कारोबार

### विभाग में दलालों का कब्जा, शिकायत

खनिज विभाग में सहायक ग्रेड दो में पदस्थ महिला कर्मचारी ने विगत दिनों अफसरों पर प्रताडना का आरोप लगाया था और लिखित शिकायत कलेक्टर से की थी। जिसमें लिपिक के कार्यो को चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से कराए जाने की शिकायत की थी। लिखा गया कि, अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराने, दलालों को संरक्षण देने एवं चतुर्थ श्रेणी कर्ममचारी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा अपने स्वार्थ के चलते कार्य कराने की बाते कही गई हैं। नंदिनी शेण्डे, सहायक ग्रेड-2 लिखा है कि, मेरे द्वारा दलालो का विरोध करने, रोकने पर मेरे विभाग के कुछ कर्मचारियों एवं दलालो के षडयंत्रकारी प्रभाव से अधिकारी द्वारा मेरे कार्य में परिवर्तन कर गलत तरीके से कार्य विभाजन कर मेरा कार्य मेरी




### जरूरत के आधार पर

विभाग में सिपाहियों को जरूरत के आधार पर कार्य कराया जा रहा है। कार्य विभाग की जानकारी सूचना के अधिकार से मिल जाएगी। दलालों को विभाग में प्रवेश नही दिया जाता है। **-दीपक मिश्रा,** खनिज अधिकारी दुर्ग

### इस तरह किया गया कार्य विभाजन

खनिज अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा आठ कर्मचारियो के बीच कार्य विभाजन किया गया है। जिसमें उन्होने जानसिंह पैकरा मानचित्रकार खदानों की मानचित्र तैयार करने व नक्शा खसरा से संबंधित कार्य दिए गए है। इसी तरह सहायक ग्रेड दो नंदिनी शेंडे को पाटन तहसील में गौण खनिज व चूना पत्थर की नस्तियां संधारित करना, आवेदनों पर खदान आबंटित करने जैसे कार्य दिए गए है। इसी तरह सहायक ग्रेड दो रचना यादव, हेमेश्वरी चंद्राकर सहायक ग्रेड तीन व कम्प्यूटर आपरेटर कम प्रोग्रामिंग असिस्टेंट भूषण लाल साहू व दो सिपाही जिसमें रेखा सोनी और मनीष सेन को भी नाके के बजाय दफ्तर का कार्य कराया जा रहा हैं।

## खबर संक्षेप



### मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप आज से

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में 15 मई से 19 मई तक राज्य सब जूनियर फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है । उक्त अंडर 7, 9, एवं अंडर 11 शतरंज चैंपियनशिप का शुभारम्भ दोपहर 1 बजे बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा द्वारा किया जाएगा। उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7, 9, एवं अंडर 11 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। यह सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त चैंपियनशिप में उच्च स्तरीय सुविधाएं खिलाड़ियों को प्रदान की जा रही है। 15 एवं 16 मई को अंडर 7, 9, 11 आयु वर्ग में आयोजित स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के कुल 150 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है जिसमें रायपुर दुर्ग, राजनांदगांव, बीजापुर, जगदलपुर आदि जिले के शतरंज खिलाड़ी शामिल है। यह जानकारी प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने दी है।

### केन्द्रीय जेल में विधिक जागरुकता शिविर

**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा केन्द्रीय जेल दुर्ग का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को प्रभावी और कुशल विधिक सहायता प्रदान करना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान कर कहा गया कि आपका यह अधिकार है कि आप अपने केस की स्थिति जानें। निःशुल्क विधिक सहायता की सुविधा पर जोर देते हुए बताया गया कि पैनल लॉयर और लीगल एड डिफेंस काउंसिल निःशुल्क प्रकरण की पैरवी करते हैं। सचिव ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे लीगल एड लॉयर के काम पर भरोसा रखें क्योंकि उनके कार्यों की मासिक समीक्षा की जाती है। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक मनीष सम्भाकर, लॉयर सौरभ सेन्द्रे आदि मौजूद थे।

## बदलाव : रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल बनाने दस बड़े बदलाव से मिलेगी राहत

# भुईंया से नकल और वाट्सएप से मिल जाएगी रजिस्ट्री की कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

राज्य शासन द्वारा जमीन की खरीदी-बिक्री के बाद होने वाले रजिस्ट्री की प्रक्रिया में दस बढे बदलाव कर आम लोगों को बढी सहुलियत दी है। आने वालों दिनों में आम लोगों को रजिस्ट्री कराने न तो पटवाररियों के चक्कर कांटने पडेंगे और न ही रजिस्ट्री के बाद हार्डकापी लेने विभाग के दरवाजे जाना पडेगा। बल्कि रजिस्ट्री के बाद वाट्सअप के जरिए रजिस्ट्री कापी भेज दी जाएगी, यहीं नहीं रजिस्ट्री के पहले पटवारी से मिलने वाले नकल के लिए भी चक्कर नही लगाना पडेगा, बल्कि पटवारियों से डिजिटल सिग्नेचर कराने के बाद भुईंया साफ्टवेयर से नकल मिल जाएगा।

उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल बनाने लगातार कई नए बदलाव अब तक किए गए है। बदलाव के इस क्रम करीब दस नई प्रक्रिया उभरकर सामने आई है। नागरिकों की सहूलियत के लिए रजिस्ट्री विभाग में एक नया प्रयोग किया जा रहा है। रजिस्ट्री के बाद अब तहसील कार्यालय का चक्कर काटने की जरूरी नहीं पड़ेगी, बल्कि सीधे रजिस्ट्री की गई जमीन का नामांतरण हो जाएगा। पंजीयन विभाग में आम जनता की सुविधा और पारदर्शिता के उद्देश्य से 10 बड़े बदलाव किये जा रहे हैं। इनमें होम विजिट के माध्यम से पंजीयन, तत्काल अपॉइंटमेंट की व्यवस्था, पारिवारिक दान व हक त्याग में पंजीयन शुल्क मात्र 500 रुपए तय किया गया है। रजिस्ट्री विभाग के काम काज में कई बड़े बदलाव करने का निर्णय लिया गया है।

## राज्य शासन ने रजिस्ट्री में किए 10 बड़े बदलाव से पक्षकारों को मिलेगी राहत

### जल्द शुरू होगा आटोमेटिक नामांतरण

छग में नया रायपुर, आरंग सहित बिलासपुर में यह सुविधा दी गई है। जल्द ही दुर्ग जिले में भी आटोमैटिक नामांतरण शुरू हो जाएगी। छत्तीसगढ़ के पंजीयन विभाग में तीन मई से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु एवं हरियाणा की तर्ज पर काम काज शुरू हो गया हैं। बहरहाल राज्य शासन द्वारा नामांतरण की प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन को प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



### मिलेगी सुविधा

राज्य शासन ने रजिस्ट्री में दस बढे बदलाव किए है। जल्द ही आटोमैटिक नामांतरण की सुविधा भी दुर्ग में शुरू होगी। पूरी तरह से अब डिजिटल सुविधा प्राप्त होगी।
**-प्रियंका श्रीरंगे,** जिला पंजीयक दुर्ग

### इन दस बड़े बदलाव से मिलेगी राहत

1) **बदलाव में सबसे** : पहले क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार नंबर और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। क्योकि ऋण पुस्तिका में भी आधार नंबर जोड दिए गए है।

2. **विवादित जमीन पहले ही दर्ज होगा** : खसरा नंबर दर्ज कर संपति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और रजिस्ट्री दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। इससे क्रेताओं को विवादित या बंधक जमीन की जानकारी पहले ही प्राप्त हो जाएगी।

3. **ऑनलाइन एनओसी भी मिल जाएगी**: संपति पर ऋण, बंधक या पूर्व विक्रय की स्थिति अब ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से आसानी से ज्ञात की जा सकती है। कई शासकीय कार्यों एवं बैंक से लोन प्राप्त करने के लिए यह प्रमाण पत्र (एनओसी) अनिवार्य होता है।

4. **स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान** : स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क का एक साथ यूपीआई, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग आदि से कैशलेस रूप में भुगतान किया जा सकता है। पहले दोनों का भुगतान अलग-अलग स्थान पर नकदी में किया जाता था।

5. **व्हॉट्सएप से मिल जाएगी रजिस्ट्री कापी** : रजिस्ट्री के लिए स्लॉट बुकिंग, दस्तावेज़ की स्थिति, पंजीयन पूर्ण होने की सूचना एवं रजिस्ट्री की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से स्वतः प्राप्त होगी। साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से रजिस्ट्री से संबंधित शिकायतें एवं फीडबैक भी दिया जा सकेगा।

6. **डिजीलॉकर सेवायें**: पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में डिजिटल रूप में संरक्षित रहेंगे, जिन्हें आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

7. **रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः** निर्माण पक्षकार द्वारा जानकारी भरने के पश्चात रजिस्ट्री दस्तावेज स्वतः जनरेट होगा एवं उप पंजीयक को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

8. **घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज़ निर्माण**: डिजीडॉक सेवा के माध्यम से किरायानामा, शपथ पत्र, अनुबंध जैसे गैर-पंजीकृत दस्तावेज़ अब घर बैठे डिजिटल स्टाम्प के साथ ऑनलाइन तैयार किए जा सकते हैं।

9. **घर बैठे रजिस्ट्री की मिलेगी सुविधा**: दस्तावेज निर्माण, स्टाम्प भुगतान और रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होकर घर से ही पूर्ण की जा सकती है। अभी यह सेवा 10 प्रकार के दस्तावेजों जैसे-रेंट एग्रीमेंट, मोर्गेज डीड आदि में शुरू की गई है।

10. **रजिस्ट्री के साथ स्वतः नामांतरण**: राज्य शासन द्वारा रजिस्ट्री के बाद तत्काल नामांतरण की सुविधा देने की तैयारी में है। इस नए बदलाव में न सिर्फ आनलाइन नामांतरण बल्कि ऐसा साफ्टवेयर बनाया जा रहा है कि, रजिस्ट्र होने के बाद रिकार्ड में भुईंया में तत्काल अपडेट हो जाएगा।

# कर्नल पर अभद्र टिप्पणी कांग्रेसियों ने फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ मंत्री पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग

जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण, जिला कांग्रेस दुर्ग शहर व भिलाई जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में देश की जांबाज बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ भाजपा की मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा अभद्र टिप्पणी करने पर पटेल चौक में सैकड़ों कांग्रेसियों द्वारा विजय शाह का पुतला दहन किया गया।

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा देश का गौरव कर्नल सोफिया कुरैशी ने आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या करने पर देश की महिलाओं के सिंदूर को उजाड़ने का बदला लिया और पाकिस्तान में घुसकर उन आतंकवादियों को खत्म किया। ऐसे वीर सैनिक महिला के बारे में एक मंत्री द्वारा अभद्र टिप्पणी इनकी मानसिकता को दर्शाता है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा आज देश की जनता मान गई कि, इंदिरा गांधी सही मायने में आयरन लेडी थी। जिन्होंने 1971 की पाकिस्तान के खिलाफ जंग में अमेरिका जैसे देश के दबाव में ना आकर पाकिस्तान को परास्त कर उसका विभाजन किया और स्वतंत्र बांग्लादेश का निर्माण हुआ और दक्षिण एशिया में भारत प्रमुख शक्ति बनकर उभरा।

वहीं अभी जब हम हर क्षेत्र में पाकिस्तान से तीन गुना ज्यादा होने के बाद 56 इंच के सीने वाले देश के प्रधान मंत्री ने अमेरिका की एक धमकी पर घुटने टेक दिए और सीजफायर कर दिए। ये देश की जनता के लिए बहुत ही शर्म की बात है। कांग्रेसियों ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज करने और उन्हें जेल भेजने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला ग्रामीण विकास राकेश ठाकुर, भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, आरएन वर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, धीरज बाकलीवाल, राजेश यादव, प्रवक्ता नासिर खोखर, हरीश ठाकुर, अमृत राजपूत, मोहन सिंगोर, धनेश्वर साहू, आनंद कपूर ताम्रकार, मुकेश साहू, सौरभ ताम्रकार, शिशिर कांत कसार सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक कल

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 16 मई को अपरान्ह 3 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## एसटीएफ कॉलोनी में बनेगी नई सिवरेज लाइन विधायक ने प्रस्ताव तैयार करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ रहवासियों ने विधायक कार्यालय में बताई थी समस्याएं



वार्ड 56 बघेरा स्थित एसटीएफ कॉलोनी में नया सिवरेज लाइन बिछेगा। कॉलोनी में बिछे पाइपलाइन की समस्या से स्थानीय नागरिकों ने विधायक कार्यालय में समस्या बताई थी। जिस पर विधायक गजेन्द्र यादव ने इंजीनियरो की टीम के साथ मौका का निरिक्षण किया और शीघ्र ही इस्टीमेट तैयार करने निर्देश दिए है।

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, बघेरा स्थित एसटीएफ कॉलोनी में बिछे सिवरेज लाइन जर्जर हो चुका है। गृह निर्माण मंडल द्वारा 2004 में अटल आवास भवन निर्माण किया गया था, उस समय से लगा पाइपलाइन पुराना होने के कारण जर्जर हो चुका है। जिसे बदलने के कॉलोनी में निवासरत लगभग 400 परिवारो ने व्यक्तिगत मुलाकात कर सिवरेज की समस्या से अवगत कराये थे। शीघ्र इस्टीमेट बनाकर शासन से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव बनाने निर्देश दिया। उन्होने कहा बघेरा में विद्युत पोल की संख्या बढ़ाने काम चल रहा है, ताकी रात्रि में आने जाने में परेशानी न हो। इस दौरान पार्षद कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, साजन जोसफ, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, कमलेश फेकर, महेन्द्र लोढ़ा, दिनेश नलोड़े

### अघोषित बिजली बंद से लोग हो रहे परेशान

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कलेक्टर अभिजित सिंह से विद्युत विभाग की बदहाल कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि एक ओर जहां छत्तीसगढ़ शासन सरप्लस बिजली वाला राज्य है। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी में दुर्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन बिजली बंद होने की वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्रों के साथ ही दुर्ग के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति का बुरा हाल है। इससे व्यवसायियों के व्यापार पर असर पड़ रहा है साथ ही भीषण गर्मी के चलते जनता भी परेशान है।




## दीपक नगर स्कूल में जिला और निगम प्रशासन की जमकर फजीहत

# खाली कुर्सी से मेयर नाराज, सभापति भी मायूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ आने वाले साल में भरी रहेगी कुर्सियां : सभापति

मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार में एक बार फिर आम जनता मूंह मोडते दिखी। नगरनिगम द्वारा तिलक स्कूल के बाद दूसरा शिविर बुधवार को दीपक नगर स्कूल में लगाए गए थे। यहां महापौर और सभापति खाली कुर्सी के सामने भाषण देते नजर आए। महापौर अलका बाघमार ने अफसरों को कहा प्रचार प्रसार नही करने का ही नतीजा है कि, शिविर में कुर्सी खाली है। वहीं सभापति श्याम शर्मा ने कहा आने वाले साल में मेरे दावा है कि, सभी कुसियां भरी मिलेगी।

शिविर में चार सौ कुर्सियां, दर्जनभर से अधिक जंबो कुलर, लाडस्पीकर सहित बडा पंडाल व रोचक स्टेज बनाए गए थे। लेकिन कुर्सी खाली होने से शिविर फीका दिख रहा था। इससे पहले भी तिलक स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया था। जहा भी खाली कुर्सी ने प्रशासन की किरकिरी की थी। उसी तरह का हाल दीपक नगर स्कूल में रहा। शिविर में पीडित कुछ ही लोग पहुंचे, वही स्टेज को छोड पंडाल में खाली कुर्सियां निगम प्रशासन को बेचैन करती रही। शिविर में महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल एमआइसी सदस्यों और पार्षदो के संग सुशासन तिहार शिविर में लगें स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी ली गई। नगर पालिक निगम दुर्ग स्वामी आत्मानंद स्कूल शिविर वार्ड 23 से 26, 47,48,59 एवं 60 तक की सुनवाई की गई। यहां मांग 96 शिकायत 42 मिले। इस तरह कुल-138 आवेदन थे। जिसमें से निराकृत-137 व एक लंबित के अलावा आबकारी विभाग प्राप्त आवेदन ऑनलाइन 1 मांग एक निराकरण किया गया। क्रेडा विभाग प्राप्त निरंक, स्वास्थ्य विभाग दुर्ग एमएचओ प्राप्त आवेदन 1 निराकरण 1 किया गया। खाद विभाग प्राप्त आवेदन 6 निराकरण, बिजली विभाग कुल प्राप्त आवेदन 2 निराकरण, श्रम विभाग कार्यालय प्राप्त आवेदन 25 निराकरण सहित अन्य विभाग के आवेदनों का निराकरण किया गया।



### मेयर ने कहा-करवाएं प्रचार-प्रसार

संबोधन के दौरान मेयर ने कहा आपसे प्रचार प्रसार में कमी हो गई हैं। उन्होने कहा आने वाले समय में घर घर पहुंचने वाले कचरा वाहन के जरिए लाउस्पीकर और पेपरों से प्रचार करे। मेरा दावा हैं कि, आने वाले दिनों नब्बे फीसदी आवेदन पहुंचेगें। उन्होने कहा मैने देखा रातभर पंडाल व अन्य सुविधा में अफसर लगे रहे, लेकिन दूसरे दिन कुर्सी खाली रह गई। सभापति श्याम शर्मा ने कहा इस बार लोगों को जानकारी नही मिल पाई, लेकिन आने साले साल में सभी कुर्सियां भरी रहेगी।

### शिविर में हुए विविध कार्यक्रम

शिविर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं का गोद भराई व नन्हे-मुन्हे बच्चो को अन्नप्राशन कराया साथ ही महापौर ने कार्यक्रम में दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। इन महिलाओं को फल, दूध और पोषण सामग्री भेंट की गई। साथ ही पांच शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ। बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाकर स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक किया ।



## खबर संक्षेप



### स्वयं ने 10 वीं में 98.8 प्रतिशत हासिल की

**भिलाई।** साहू समाज हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर के सचिव रोशन लाल साहू एवं बिनु साहू के पुत्र स्वयं साहू ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 98.8% लाकर हमारे इकाई एवं साहू समाज, साथ ही साथ दुर्ग जिला को गौरवान्वित किया है। वही उन्हें समाज के ओर से बधाई दी गई। जिसमें अध्यक्ष रामप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष टेमचंद साहू , ललिता साहू, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम हिरवानी, आरआर साहू, दुर्गा चरण, प्रेम लता साहू, उषा हिरवानी, डियंत साहू, मालती साहू आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी है।

## निधन

### सुमन साहू



**उतई।** ग्राम पंचायत खोपली की पूर्व उप सरपंच सुमन साहू का निधन 14 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 मई को सुबह 10.30 बजे खोपली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दिलीप कुमार साहू की पत्नी व रंजना, मुक्ति की मां थीं।

### रीता तांबेकर



**भिलाई।** वैशाली नगर ईडब्ल्यूएस 277 निवासी रीता तांबेकर उम्र 83 वर्ष का निधन हो गया हैं। उनकी अंतिम यात्रा 15 मई को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे श्याम तांबेकर की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे और धूल के गुब्बार उड़ने से दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

# सिक्सलेन निर्माण के दौरान ठेकेदार की लापरवाही, ग्रामीण धूल फांकने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

ग्रामीणों ने जब सिक्स लेन सड़क बनने की बात सुनी तो बहुत खुश हुये थे कि जिन किसानों का जमीन सड़क में निकलेगा उसे बहुत अधिक मुआवजा भी मिलेगा और बाकी बची जमीन की कीमत भी बहुत बढ़ जायेगा, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ बल्कि अपने साथ ढेरों मुसीबतों के साथ सिक्स लेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण में एसएमएस कम्पनी के द्वारा निर्माण कार्य करने के लिए मुख्य सड़कों से डायवर्शन सड़कें बनाया गया है। उन सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे और धूल के गुब्बार उड़ने से राहगीर व ग्रामीण परेशान है। मिट्टी, मुरम, गिट्टी, फ्लाई ऐश सेलूद, चुनकट्टा व मुड़पार के सड़कों में परिवहन करने के कारण सड़कों में धूल और प्रदूषण बढ़ गया है। वहीं अत्यधिक संख्या में तेज रफ्तार वाहनों के चलने के कारण दुर्घटना भी बढ़ गया है। पर्याप्त संकेतकों व सुविधाओं का प्रयोग नहीं किया है।

मार्ग परिवर्तित वाले स्थानो में लाइट के अभाव के कारण बहुत सी दुर्घटनाएं हो रही है। सड़क बनाने फ्लाई एश और मिट्टी की उड़ती धूल को कम करने के लिए ठोस पहल नही किया जा रहा है। पानी सिर्फ दिखाने के लिए दिन में एक दो बार डाल दिया जाता लेकिन ठेकेदार की उदासीनता के चलते खासकर सेलूद, चुनकट्टा और मुड़पार के ग्रामीण धूल के गुब्बार में जीने को मजबूर है।

**पर्याप्त संकेतकों व सुविधाओं का नहीं किया प्रयोग**



साथ ही सड़क पर साइकिल और दोपहिया वाहन चलाना भी जान हथेली पे लेकर चलने के बराबर है क्योंकि जब बड़ी बड़ी हाईवा गाड़ियां सड़क से गुजरती है तो धूल के गुब्बार में सड़क पर चलने वाले अन्य व्यक्ति को कुछ दिखाई ही नही देता। खदान क्षेत्र होने व सिक्स लेन में लगे सैकड़ों वाहनों के कारण रोजाना बड़ी-बड़ी हाईवा, ट्रक,ट्रेक्टर आदि गाड़ियां इसी सड़क से होकर चलती रहती है जिसके कारण दिन भर भारी धूल उड़ता रहता है जिसके कारण स्कूली व कॉलेज के छात्र-छात्राएं, व्यापारी व ग्रामीण बहुत परेशान है। रोड के किनारे ही राशन दुकान, साप्ताहिक बाजार, प्राथमिक स्कूल, दो आंगनबाड़ी केंद्र, कलामंच, ग्राम पंचायत, कर्मा भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन, प्रसव केंद्र व आसपास ग्रामीणों के घर व संस्थायें स्थित है जिसमें रोजाना ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है लेकिन धूल और प्रदूषण की वजह से ग्रामीणों के आंख में एलर्जी, जलन, खांसी, दमा, टीबी, सिलिकोसिस, बालों का झड़ना, त्वचा संबंधी रोग आदि स्वास्थ्यगत समस्याएं प्रारम्भ हो गयी है।

साथ ही नवजात शिशुओं को धूल से अत्यधिक परेशानी होना बताया जा रहा है। बच्चों को डस्ट के कारण गंभीर फेफड़ों के बीमारी से जूझना पड़ सकता है क्योंकि छोटे बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। समस्या बताने पर टैंकर से रोजाना पानी डलवाने की बात कही जाती है लेकिन वह सिर्फ खानापूर्ति होता है।

## अंचल की खबरें

### पीएम श्री स्कूल विनायकपुर में समर कैंप शुरू



**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में समर कैंप का शुभारंभ किया गया है। यह समर कैंप 13 मई से 22 मई तक चलेगा। जिसमें बच्चे बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। समर कैंप का प्रथम दिवस पर सबसे पहले मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। इसके बाद योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ। योगा शिक्षक खिलेन्द्र यादव द्वारा कराया गया। वहीं बच्चों को स्पोकन इंग्लिश कमल नारायण सोनी द्वारा सिखाया गया। जिसमें बच्चों ने गंभीरता से लिया और दैनिक जीवन में आने वाले शब्दों के बारे में जाना। आर्ट एंड क्राफ्ट में कक्षा 1 से 5 के बच्चों को गिरवर लाल साहू ने बच्चों को कलरफुल छोटे छोटे फूल, गुलदस्ता, पेन मेकर, ग्रिटिंग बनाना सिखाया गया। पेंटिंग में गिरवर साहू ने बच्चों को पेंटिंग करने के तरीके सिखाया गया। संगीत में बच्चों ने हारमोनियम एवं केशियो बजाना सिखाया गया। संगीत शिक्षक खिलेन्द्र यादव ने संगीत के स्वरों के बारे में बच्चों को बताया। मंगलवार को 80 बच्चों ने समर कैंप में भाग लिया। आज के कार्यक्रम में प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर, विजेता सूर्यवंशी एवं चमेली ठाकुर ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इस समर कैंप में अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए लगाया गया है।

### मचांदुर कॉलेज में कंप्यूटर कार्यशाला का आयोजन



**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर में बीकॉम एवं बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय कंप्यूटर कार्यशाला आयोजित की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों ने द्वितीय सेमेस्टर के कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम एसईसी के अंतर्गत एमएस ऑफिस के कोर्स का चयन किया है। प्राचार्य डॉ. नीरजा रानी पाठक के मार्गदर्शन में आईक्यूएसी एवं एनईपी प्रकोष्ठ द्वारा नियमित कक्षाओं के अतिरिक्त यह कंप्यूटर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में संध्या पाठक कंसल्टेंट, एसएपी इंडिया, नई दिल्ली ने विषय विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ. कल्याणी, डॉ. नीलम, वर्षा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी विकास और मुकेश सिन्हा ने भी कार्यशाला के आयोजन में सक्रिय योगदान दिया।

### जामगांव आर भाजपा मंडल की बैठक कल

**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल में 16 मई को दोपहर 3 बजे टेमरी विश्राम गृह में एक आवश्यक संगठनात्मक बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में भाजपा दुर्ग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का प्रथम दौरा होगा। बैठक में विशिष्ट अतिथियों के रूप में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक गुंडरदेही डॉ. दयाराम साहू, भाजपा दुर्ग के जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू की उपस्थिति रहेगी। मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी योजनाओं एवं जमीनी कार्यों की समीक्षा की जाएगी। भाजपा नेता निर्मल जैन ने बताया कि इस बैठक में सभी शक्ति केंद्र प्रभारी, जनभागीदारी समिति के अध्यक्षगण, सरपंच, पंच, जनपद सदस्य, बूथ अध्यक्ष/प्रभारी, सक्रिय कार्यकर्ता, सभी मोर्चा/प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा मंडल, जिला और प्रदेश स्तर के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारीगण की उपस्थिति अनिवार्य रूप से अपेक्षित है।

- 16 मई को टेमरी पहुंचेंगे जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक एवं अन्य नेता

# पाटन महाविद्यालय में लगाया गया वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में वर्षा जल के संचयन के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। इस प्रयास के तहत महाविद्यालय में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली लगाई गई है। महाविद्यालय के परिसर में 6 नग रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली आइसीआइसीआइ बैंक के सौजन्य से निशुल्क लगाए गए हैं। इसमें से एक नग प्रणाली बालिका छात्रावास में लगाया गया है। इस प्रणाली को लगाने से भविष्य में छात्र-छात्राओं को सभी ऋतुओं में पर्याप्त जल प्राप्त होता रहेगा। इससे महाविद्यालय के छतों पर गिरे हुए जल को भूजल के साथ मिलाया जा सकेगा। जिसके कारण भूजल स्तर में वृद्धि होगी। लगाए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली में वर्षा जल का अनुपयोगी कचरा युक्त पान पृथक होकर शुद्ध जल पृथ्वी में समा जाएगा। आइसीआइसीआइ बैंक के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इंस्टॉल करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नंदा गुरुवारा का विशेष सराहनीय प्रयास रहा है । उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में आईसीआईसीआई बैंक के सहयोग से 6 नग रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली वर्तमान तथा भविष्य में वर्षा जल के संचयन का आधार बनेगी । इससे महाविद्यालय की बढ़ती हुई जल की मांग की पूर्ति हो सकेगी। वर्षा जल संचयन प्रणाली को अपने घरों में इंस्टॉल करने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदा गुरुवारा ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और उनके पालकों से आग्रह किया। महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र और पालकों के सहयोग से वर्ष के जल का संरक्षण हो सकेगा। महाविद्यालय के पर्यावरण प्रभारी प्रवीण जैन, वरिष्ठ अध्यापक प्रोफेसर बीएम साहू एवं डॉ.आरके वर्मा ने भी छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक वर्षा जल प्रणाली को अपने घरों में लगाने का आह्वान किया।

- आइसीआइसीआइ बैंक की सहायता से वर्षा जल संचयन का अभिनव प्रयास

### घुमंतू पशुओं के लिए गौठान में किसान कर पैरा दान



**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलूद के युवा सरपंच खिलेश मारकंडे ने किसानों से गर्मी फसल के अपने पैरा को गौठानो में दान करने की अपील किया। जिससे पशुओं को उपयुक्त चारा मिले व पराली जलाना न पड़े और पर्यावरण प्रदुषण से भी बचा जा सके। किसान के खेतों में फसलों के कटाई के बाद जो पैरा होता है उसे अधिकतर किसान खेत में ही जला दे ते थे, जिससे वायुमंडल तो गंदा होता है और आग लगने का खतरा मंडराता है, लेकिन ग्राम सेलूद के किसान गुलमणी कुर्रे ने सरपंच के अपील पर अपना पैरा गौठान में दान कर दिया है। इसी तरह सभी किसान अपना पैरों को गौठान या गौशाला में दान कर देंवे । ताकि खरीफ फसल लेने के समय गौठान में घुमन्तु पशुओं को आसानी से चारा मिल जाएगा और गौठान संचालन में किसानों को ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। ग्रामीणों के पैरादान करने से ग्रामीणों को गौठान के संचालन व खेती को बचाने की मुहिम को गति मिलेगी। किसान आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करने से खेतों से खलिहान मे अपना पैरा संसाधन की कमी के कारण नहीं ला पाते और खेत में जला देते हैं। वहीं हार्वेस्टर और थ्रेशर से मिंजाई कार्य करने से खेत में ही पैरा छूट जाता है। किसान उस पैरे को आग लगा देते थे, लेकिन उससे उठने वाले धुएं के कारण वातावरण प्रदूषित होना शुरु हो गया था इसी बात को ध्यान रखकर किसानों ने अपने पैरे का सही उपयोग करना शुरु कर दिया है।

## बिजनेस साइट

### एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिलाई का परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



**भिलाई।** सेक्टर-6 स्थित एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिलाई ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता को साबित किया है। कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों के परिणामों में छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं में कुल 392 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 385 छात्र उत्तीर्ण हुए। इनमें से 20 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। कॉमर्स स्ट्रीम में स्वरा शर्मा ने 97% अंकों के साथ टॉप किया। उनके बाद पायल राव और स्टालिन बी मैथ्यूज ने 95.6%, तथा चित्रांश तावरी ने 95.4% अंक प्राप्त किए। साइंस स्ट्रीम में नमन कुमार ने 95.8% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं अर्विंद साहू और हमदा जहांगीर ने 94.8%, और नमन मेस्राम ने 93.6% अंक हासिल किए। कक्षा 10वीं में कुल 419 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 413 छात्र सफल हुए। 34 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जो स्कूल की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और मेहनती शिक्षकों का प्रमाण है। शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र हैं : सलोनी 98.6%, अक्षिता पात्रिकर 97.6%, भूमिका सिथलानी 96.6%, भूपेश कुमार साहू 96.2% और विद्या मिश्रा 96%। खास बात यह रही कि कक्षा 10वीं की सलोनी ने 98.6% अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया है, जो स्कूल के लिए एक गौरव का विषय

### कमल सर एकेडमी में छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

**भिलाई।** कमल सर एकेडमी में 11वीं एवं 12 वीं कामर्स के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जिसमें वंशिका शुक्ला 80%, सौम्या देवांगन 79%, सेजल साहू 72%, करण 68%, तन्मय साहू 63% सीजी बोर्ड में पंकज साई (88%, गगनदीप 80%, निलम 62% रहा है। कमल सर एकेडमी में नये सत्र के लिये प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। जिसमें 11वीं, 12वीं, बीकाम, बीबीए, डीसीए, पीजीडीसीए की कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है। अधिक जानकारी के लिये कमल सर एकेडमी रिसाली सेक्टर में सम्पर्क कर सकते हैं।



### मां सारदा पब्लिक स्कूल भिलाई के बच्चों का परीक्षा परिणाम

**भिलाई।** मां सारदा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा 2024-25 में शानदार सफलता हासिल की। कक्षा 10वीं का परीक्षाफल 100% रहा एवं कक्षा 12वीं का परीक्षाफल 90% रहा। कक्षा 12वीं की छात्रा अदिति गीते 89% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की तथा अरुणी अग्रवाल द्वितीय एवं गौरव साहू तृतीय स्थान प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में आदित्य वर्मा प्रथम, वंशिका कनौजिया द्वितीय एवं भूमि देवांगन तृतीय स्थान प्राप्त की। स्कूल के संचालक डॉ. पवन कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### दुर्ग पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा



**भिलाई।** देवा एजूकेशन सोसायटी द्वारा संचालित दुर्ग पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 12वीं में अंकिता राजपूत 88%, साक्षी शर्मा 80%, ठाकुर राम पटेल 78%, कल्पना साहू 78% प्राप्त की। वहीं कक्षा 10वीं में आदित्य सिंह चौहान 89.6%, गौरव पाली 78%, सिद्धेश मिश्रा 78% अंक अर्जित किया। स्कूल की डायरेक्टर सरूपा गुप्ता ने स्कूल प्रींसिपल के साथ सभी शिक्षकों को और बच्चो को बधाई दी। स्कूल की प्रीसिपल रूही देवांगन एवं प्रधान पाठिका प्रीति आजमानीने भी सभी शिक्षक एवं बच्चो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे बधाई दी।

### ब्लॉक स्तरीय सेन महाराज जयंती व सम्मान समारोह 20 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

ब्लॉक स्तरीय सेन समाज द्वारा जामगांव आर में संत शिरोमणि श्री सेन महाराज की जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन 20 मई को सुबह 10 बजे से रखा गया है। उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री विधायक भूपेश बघेल एवं अध्यक्षता सेन समाज प्रदेश सचिव भुवन लाल कौशिक करेंगे। विशेष अतिथि सरपंच रूपेंद्र शुक्ला मंचासिन रहेंगे।

समारोह का समापन दुर्ग लोकसभा सांसद छाया विधायक विजय बघेल एवं अध्यक्षता वैशाली नगर विधायक रितेश सेन करेंगे। समापन समारोह मंच पर जिपं दुर्ग जल मिशन सभापति कल्पना नारद साहू, जस रामकुमार चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, शासकीय कालेज समिति अध्यक्ष नरेश केला, उपसरपंच मुकेश साहू, प्रथम ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी राम सेन और उद्घाटन समारोह में राम सेन, भीखम सेन, डॉ सुमन कौशिक, जनार्दन सेन, एमन लाल श्रीवास, संतोष सेन खिलेश्वरी शांडिल्य काजल श्रीवास मंचासिन रहेंगे। सेन समाज के वरिष्ठ रघुबर सेन ने उक्त जानकारी दी है।

## किसानों के हित में सरकार प्रतिबद्ध, विभाग करें व्यवस्था दुरुस्तः रमन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा



धमधा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव ने कहा कि धमधा क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था बिल्कुल ठप पड़ी है। सिंचाई का पर्याप्त व्यवस्था होते हुए भी किसान परेशान है जिसका मुख्य कारण केवल सिंचाई विभाग की निष्क्रियता दिखाई पड़ती है। धमधा क्षेत्र के कई गांव में छोटे बड़े बांध बनाये गये है जिसके भरपाई के लिए सही ढंग से नाला-कैनाल की व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात में भी सूखा रहता है। धमधा बेदवन बांध, रहटादाह बांध, अकोली अछोली बांध, महाराजपुर और सिल्ली परसूली बांध जैसे कई बांध है जो कि भरे बरसात में भी पूर्ण रूप से भर नहीं पाते। वहीं सिंचाई विभाग के द्वारा इन सभी बांधों में कैनाल बनाकर व्यवस्था की जाए तो पूरे वर्ष भर के लिए पानी एकत्रित किया जा सकता है जिससे किसानों के हजारों एकड़ जमीन को सूचित किया जा सकता है । सिंचाई विभाग नाली नाला का सफाई कैनाल की सफाई केवल खाना पूर्ति के लिए करते हैं कहीं नाहर नाली में अतिक्रमण ज्यादातर देखने को मिलता है तो कहीं नाहर नाली क्षतिग्रस्त हुआ मिलता है जिससे किसानों के फसल सिंचाई से वंचित होती है और किसानों को आर्थिक क्षति का सामना हर बार करना पड़ता है। वहीं यादव ने बताया की ग्राम अकोली-अछोली बांध से धमधा बेदवन बांध में नाला बनाकर जोड़ा जाता है तो समस्या का समाधान किया जा सकता है ,इसी तरह रहटादाह को टेकना नाला या धमधा बड़े पुल से जोड़ा जाता है तो रहटादाह बांध में पूरा वर्ष पानी भरा रहेगा ,इसी तरह अन्य बांधों को नहर नाली बनकर जोड़ा जा सकता है लेकिन इस व्यवस्था की ओर किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान और सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों का ध्यान नहीं जाता जबकि किसी सिंचाई व्यवस्था के लिए करोड़ की राशि बजट व्यवस्था दिया जाता है लेकिन धमधा क्षेत्र को कुछ नहीं मिल पाता सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी कार्यालय कब आते हैं। किसानों को कोई जानकारी नहीं मिल पाता इसी प्रकार भाजपा के इस डबल इंजन सरकार में जहां सरकार और प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय किसानों को हर व्यवस्था प्राप्त हो सके इसके लिए पूर्ण रूप से कार्यरत हैं लेकिन देखा जाए तो इसके बिलकुल विपरीत दुर्ग संभाग का सिंचाई विभाग धमधा डिविजन कार्य कर रहा है ।वही सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की भी पूरी जानकारी आम जनों को किसानों को नहीं मिल पाती।

- योजनाओं की भी पूरी जानकारी आम जनों को किसानों को नहीं मिल पाती



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### 12 वीं मे बीएसपी स्कूलों के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए अखिल भारतीय वरिष्ठ विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा 12 वीं में इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित विद्यालयों ने एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन दर्ज किया है। अनेक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में अनन्या अग्निहोत्री (90.4 प्रति.), नौशबा नाज़ (91.2 ), तनवीर अफ़सान, ओजस्वी साहू, सौम्या यादव, याशिका शर्मा, कुणाल देवांगन, कनिका देवांगन, के. शुभम रेड्डी, आराध्या साहू, पाखी सिंह, आर्यन प्रसाद, आचल ठाकुर तथा अनन्या घोष प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### मकान की आलमारी से 60 हजार की चोरी

**भिलाई।** मकान के आलामारी से नगदी पार होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 35, 331 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि शिव शक्ति कालोनी केम्प 2 भिलाई निवासी जॉहरा जबी कपडा सिलाई का काम करती है। 12 मई की दोपहर से शाम 6 बजे के मध्य अज्ञात ने उनके घर के छत से मकान में प्रवेश किया। जहां के अलमारी का लॉकर तोडकर लेडिस पर्स में रखे नगदी 60 हजार रुपए पर्स सहित चोरी कर फरार हो गया। पीड़िता घर पर नहीं थी। जब लौटकर आई तो आलामरी चेक करने पर रुपए गायब होने की जानकारी हुई। घटना की शिकायत पुलिस में किया गया है।

### अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रं. 04 नेहरू नगर चौंक रोड किनारे संचालित विभिन्न व्यापारियों द्वारा रोड नाली के उपर अतिक्रमण कर व्यवसाय संचालन कर रहे थे। आज स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम जांच करने पहुंची। तो पाया गया कि दुकान संचालकों के पास अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं रखा गया था एवं सिंगलयूज प्लास्टिक पर सामान डालकर ग्राहको को बेचा जा रहा था। दुकान से प्लास्टिक को जप्त किया गया और उन पर 54200 रूपये का चालानी कार्यवाही करते हुए रसीद प्रदान किया गया। प्रमुख दुकानें द ग्रीन दे पॉर्लर सेंटर 5000, रूंगटा सुपर डेंटल क्लिनिक 15000, मॉ लक्ष्मी कम्प्युटर 1000, पूजा गुप्ता पैथोलाजी लैब 5000, तीरथ सोनकर फल सेंटर 1500, प्रहलाद हेल्थ केयर 5000, किडस केडम कैफे रेस्टोरेंट 6000, चंदन डेली नीडस 1200, अंसारी आटो पॉटस 1000, महेश यादव डेली नीडस 1500, मॉ लक्ष्मी जलपान 1000, ढिल्लन चिकन सेंटर 2500, सूरज फल सेंटर 1000, देवांगन डेली नीडस 500, अन्ना नाश्ता सेंटर 500, बाबा फूड सेंटर 500, गुलशन खातून मटका सेंटर 500, अकबर ताला चाबी सेंटर 1000, धनेश्वर देवांगन इटली डोसा 1500, मोनिका फ्लावर सेंटर 1000, कमल गुमनाम रेडिमेंट 1500 एवं आशीष साहू फल ठेला से 500 इस प्रकार कुल 54200 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में जर्जर गैलरी और सड़कों से दुर्घटना का अंदेशा

## स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने ईडी से की जल्द मरम्मत की मांग, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने सुरक्षा की दृष्टि से बीएसपी के अंदर समस्याओं के निदान की मांग की है। साथ ही कैंटीन व रेस्ट रुम को भी ठीक किए जाने पर जोर दिया है। प्रबंधन ने आश्वस्त किया है।

कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के साथ यूनियन की हुई बैठक में प्लांट में जर्जर गैलरी, बिल्डिंग व सड़कों के खराब होने से कर्मियो को खतरा बना रहता है। इसे रिपेयर करने की मांग की। रेस्ट रूम एवं कैंटीन की स्थिति सुधारने, बोरिया गेट पर टू व्हीलर के लिए सेड बनाने ब्लास्ट फर्नेस 8 के एमसीसी रूम को रिनोवेट करने, टीएंडडी में ऑपरेटर एवं संटिंग स्टाफ को वॉटर बॉटल देने मार्स 1 का वर्कशॉप सैड रिपेयर करने व मॉडल कैंटीन खोलने की मांग किया । ईडी ने महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि प्लांट की कई गैलरियों की नियमित सफाई नहीं होने से जर्जर हो चुकी है जिसके कारण से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है । रेस्टरूम एवं कैंटीन की स्थिति मे सुधार के साथ इस्पात भवन की तरह प्लांट में भी दो जगह कॉफी हाउस खोलने की मांग की।



### कर्मियों का जल्द करें प्रमोशन

ब्लास्ट फर्नेस 1 से ब्लास्ट फर्नेस 7 के बीच व आरईडी वर्क्स बिल्डिंग के सामने की रोड पर रेत पड़े होने से दुर्घटना रोकने इसे हटाने व कोक ओवन मे जर्जर पीबीसीसी बिल्डिंग मरम्मत करने पर जोर दिया। कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा व एस रवि ने सीनियरिटी लिस्ट जारी नहीं होने के कारण कर्मचारियों का प्रमोशन के समस्या का निदान करने कहा। बैठक में उपाध्यक्ष अजय कुमार मार्टिन,सहित गिरिराज देशमुख, जी आर सुमन, धनेश प्रसाद रमाशंकर सिंह शिव शंकर सिंह, जी के अग्रवाल राजकुमार सचिव आरिफ मंजर विजय विश्वकर्मा रामजीत सिन्हा अनिल पारखे उपस्थित थे ।

## पुत्र राजेंद की पंजाब को आतंकमुक्त करने तो अरुण ने भी देशरक्षा के साथ खेलों में दिया योगदान

# जिला का अनूठा फौजी परिवार, भारतीय सेना में तीसरी पीढ़ी दिखा रही पराक्रम

विमल शंकर झा ▶▶|भिलाई

आतंक का पर्याय बने नापाक पाक को अपने शौर्य से करारा सबक सिखाने वाली भारतीय सेना की पूरे देश दुनिया में जय जयकार हो रही है। यह हमारी फौज का पराक्रम ही है कि उसने दुश्मन देश को मात्र चार दिन में ही न सिर्फ घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया बल्कि सीजफायर के लिए तैयार होकर बड़ा दिल दिखाया। लोगों को यह जानकर गर्व होगा कि शांति और सदभाव का संदेश देने वाले लघुभारत भिलाई में एक ऐसा बहादुर परिवार है,जिसकी तीसरी पीढ़ी सेना में पराक्रम दिखा रही है। देशप्रेम के जज्बे से भरे गौरवान्वित परिवार के परिजन चाहते हैं कि बार बार भारत में आतंकी हमला कराने वाले पाकिस्तान को एक बार फिर भारत की ताकत का एहसास हो गया है। उसे पूरी तरह शक्तिहीन करना जरुरी है।

स्मृतिनगर स्थित ड्रीम होम कांलोनी के फौजी परिवार ने भारत -पाकिस्तान के बीच हुए पांच युद्धों में मां भारती के मस्तक को ऊंचा किया है। प्रतिष्ठित सिसौदिया परिवार के एक नहीं बल्कि चार सदस्य फौज में रहे हैं। वर्तमान में तीसरी पीढ़ी का पाक के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना के चार दिनी एयर स्ट्राइक में योगदान रहा है। देशप्रेम और साहस की मिसाल इस गौरवशाली परिवार के मुखिया 86 वर्षीय जयनाराण सिंह सिसौदिया रिटायर फौजी हैं। उनके दो पुत्र राजेंद्र सिंह व अरुण कुमार सिंह सिसौदिया भी वर्षों फौज में रहे और अरुण सिसौदिया के सुपुत्र वर्तमान में अभिषेक सिंह वायु सेना नासिक में कार्यरत हैं। दोनों बहादुर बेटों सहित तीसरी पीढ़ी अभिषेक को देश की रक्षा के लिए फौज में जाने की प्रेरणा अपने पिता से मिली। देशभक्ति से भरा यह प्रदेश ही नही, शहर का वह अनोखा फौजी परिवार है, जिसे भारत पाक के बीच अब तक हुए चारों युद्धों में असीम पराक्रम से विजयी योगदान देने का फक्र है। और आज भी देशभक्ति के जज्बे से भरा हुआ है। यूपी मऊ सर्वागोदाम निवासी रिटायर फौजी जयनारायण सिंह ने बांसठ में भारत चीन युद्ध खत्म होते ही एएससीसी ( आर्मी सर्विस कोर) इलाहाबाद में आर्मी ज्वाइन कर बैंगलोर, गोरखपुर व लेह आदि में 28 साल तक देश की रक्षा की। बताते हैं कि 65 में भारत पाक के युद्ध में उनकी ड्यूटी शिमला और 71 के बांग्ला देश का निर्माण कराने वाले ऐतिहासिक युद्ध व विजयी कारगिल वार लेह में थी। फौजी परिवार की देश रक्षा की विरासत को हमारे दोनों पुत्रों के भी रिटायर होने के बाद अब तीसरी पीढ़ी एयरफोर्स में जौहर दिखा रही है।

**पिता जय नारायण ने 65, 71 व 98 के कारगिल युद्ध में दिखाया शौर्य**







### सिसौदिया परिवार का अपूर्व योगदान, अभिषेक भी एयरफोर्स में

ड्रीम होम निवासी रिटायर फौजी 86 वर्षीय श्री सिंह के बड़े पुत्र राजेंद्र और अरुण सिसौदिया को भी वर्षों सेना में देश की रक्षा करने का गर्व है। सेवानिवृत्ति बाद भिलाई के निजी कालेज मे प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह एफएसएनएल यूनियन के अध्यक्ष व कांग्रेस नेता अरुण सिसौदिया सेना में ( ईएमई) इलेक्ट्रानिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग) कोर 20 साल से अधिक देश रक्षा में योगदान दिया। रडार इंजीनियर रहे राजेंद्र सिंह बताते हैं कि 1988 में गुरुदासपुर पंजाब बार्डर में ज्वाइनिंग बाद आतंक से जूझ रहे पंजाब में आतंकियों के सफाये के लिए डीजीपी केपीएस गिल के चैलेंजिंग आपरेशन रक्षक (1991,92) को सफल करने में हमारी ईएमई की अहम भूमिका रही। बीएसएफ से बच निकलने वाले आतंकियों को रोकना हमारा काम था। हम आर्मी में रडार, टैंक व एयर डिफेंस सिस्टम को इंजीनियरिंग सपोर्ट देते थे। 96 में मेडिकल ग्राउंड पर रिटायर श्री सिंह बताते हैं कि हमारी सेना ने पाक को करारा जवाब दिया है। हमें आतंक की फैक्ट्री पीओके मिल जाए तो दुनिया से आतंक का सफाया हो जाएगा।1987 में ईएमसी सेंटर भोपाल में नियुक्ति बाद छोटे भाई अरुण कुमार सिसौदिया गुजरात, नासिक, देवलाली शौर्य दिखाने के साथ सेना की टीम से बतौर वालीबांल व बास्केट बांल खिलाड़ी कई नेशनल मैच भी जिताए। वीआर लेने के बाद बाद एफएसएनएल में सेवां दीं और एफएसएनएल यूनियन प्रांतीय अध्यक्ष व कांग्रेस के एआईसीसी मेंबर श्री सिसौदिया बताते हैं कि जिस बोफोर्स में राजीव को बदनाम किया उसी माडिफाइव बोफोर्स ने सेना के शौर्य से कारगिल युद्ध जिताया। अब आगे हमारा टार्गेट पीओके फतह होना चाहिए। अब एयरफोर्स आफिसर के रुप में बहादुर बेटा अभिषेक हमारी परंपरा को गौरवान्वित कर रहे हैं।

# लोगों ने कहा- हम सब पानी डालेंगे, तब अधूरी सड़क शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर निगम भिलाई के जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रमांक 31 में शिकायत मिली थी कि सड़क सीमेंटीकरण का कार्य चल रहा था। ठेकेदार द्वारा बीच में निर्माण को रोक दिया गया है। राप्त शिकायत का अवलोकन करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त सतीश यादव के साथ मदर टैरेसा नगर वार्ड क्रमांक 31 में गए, वहां पूर्व निर्मित सीमेंटीकरण सड़क का अवलोकन किए। वहां उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुना। सबका यही मांग था कि बची हुई सड़क का भी सीमेंटीकरण कर दिया जाए। जब उन्हे बताया गया कि पानी के तराई की समस्या के कारण ही सड़क के काम को अभी रोका गया है। तब स्थानीय नागरिकों ने एक स्वर में कहा बची हुई सड़क का निर्माण करा दीजिये। हम लोग जिम्मेदारी लेते हैं, अपने घर के सामने बनी सड़क पर पानी डालेगें। जब सड़क हमारे लिए बन रहा है तो पानी डालने का दायित्व भी हमारा है। यह आश्वासन मिलते ही आयुक्त ने जोन आयुक्त को तत्काल बचे हुए सड़क को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ जोन तीन मदरटेरेसा नगर का मामला

### मानसून के मद्देनजर दिया था आदेश

नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व में आदेश जारी किया गया था कि भीषण गर्मी को देखते हुए 15 जून मानसून आने तक अभी सड़कों का सीमेंटीकरण नहीं होगा। क्योंकि सड़क सीमेंटीकरण के लिए पर्याप्त पानी के तराई की आवश्यकता होती है, तराई नहीं हो पाने से सड़क की मजबूती कम हो जाती है और बीच-बीच से क्रेक भी हो जाती है। उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम को निर्देशित किए कि निर्माणाधीन सड़क के गुणवत्ता में किसी प्रकार का कमी नहीं होना चाहिए। यदि कोई कमी है तो संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिया जाए। यदि उसके द्वारा काम में लापरवाही किया जा रहा है तो कार्य को निगम मद से करावाकर संबंधित ठेकेदार से राशि की कटौती कर दिया जाए।

# वैशाली नगर में सुशासन तिहार का दरबार, 500 से ज्यादा आवेदन लिए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर में सुशासन तिहार का दरबार वैशालीनगर स्थित लोकांगन में लगा, जहां वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने लोगों को आवेदन के किए गए समाधान की जानकारी दी। इस दौरान सरकारी विभागों के डेढ़ सौ से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न समस्याओं के लगभग 5 सौ आवेदन जमा हुए। शिविर में पहुंचे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि शासकीय विभागों में लोगों को अपनी समस्याएं लेकर न भटकना पड़े इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विभागों को शिविर में एकत्र कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं जानने और उनके शीघ्र निराकरण के लिए सुशासन तिहार प्रारंभ किया है। आने वाले आवेदनों का तत्काल समाधान का प्रयास शिविर में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन का पिटारा खोल दिया है। ऐसी महिलाएं शिविर में पहुंच कर महतारी वंदन योजना का फार्म महिला एवं बाल विकास काउंटर पर भर रही हैं। शिविर में एक व्यक्ति ने आवेदन के माध्यम से अवगत कराया कि सुपेला में रहने वाला एक दल कश्मीर गया हुआ था। वहां पर जमात में शामिल एक युवक को लकवा का अटैक आ गया। पीड़ित के छोटे भाई ने आवेदन देकर श्रीनगर से दिल्ली लाने एयर टिकट की व्यवस्था के लिए अर्जी लगाई। श्रीनगर से एंबुलेंस से दिल्ली लाने पर लगभग 25 हजार का खर्च आ रहा है, जो कि इस परिवार के लिए संभव नहीं। रिकेश सेन ने तत्काल कलेक्टर और सीएम विष्णुदेव साय से बात कर दिल्ली आने का एयर फेयर का इंतजाम कराया।

■ वैशालीनगर विधायक रिकेश शिविर में हुए शामिल

# अहेरी चौक के पास पकड़े गए चार संदिग्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दो युवक और दो युवती के खिलाफ धारा 170/126,135 (3) बीएनएसएस के तहत जुर्म दर्ज किया है एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि ग्राम अहेरी चौक के पास स्थित मकान में अवैध क्रियाकलाप की सूचना पर नंदिनी पुलिस दबिश देने पहुंची। इस दौरान ओम प्रकाश पटेल, बलीराम वर्मा, हेमलता चेलक, धनेश्वरी सेन को पकड़ा गया। उक्त युवक युवतियों द्वारा अपने कल्याण कालेज अहेरी स्थित किराये के मकान में अवैध क्रियाकलाप किया जाना पाया गया। गिरफ्तार कर न्यायालय भिलाई तीन में पेश किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक देह व्यापार के संदेह पर आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। आरापियों से पूछताछ की जा रही है। उधर इस घटना के बाद आरोपियों के समर्थन में कुछ लोग थाने भी पहुंच गए थे।

# ठेका मजदूरों को किया जागरुक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में द्वारा ठेका मजदूरों के लिए सुरक्षा जागरूकता क्विज़' प्रतियोगिता का आयोजन स्टील ज़ोन, आयरन ज़ोन, मिल्स ज़ोन तथा मिसलेनियस ज़ोन सहित संयंत्र के पाँचों ज़ोन में किया जा रहा है। प्रतियोगिता की प्रारंभिक स्तर पर शांप तथा विभागीय स्तर पर क्विज़ प्रतियोगिता हुई। इंट्रा–ज़ोनल क्विज़ के प्रारंभिक स्तर पर संबंधित विभागों से चयनितदो सदस्यों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 50 अंकों की लिखित परीक्षा व मौखिक प्रश्न हुए। 21 मई को आयोजित होने वाली इंटर–ज़ोनल संयंत्र स्तरीय फाइनल प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करेंगी।स्टील ज़ोन से 15 टीमों एवं मिसलेनियस ज़ोन से 20 टीमों ने इंट्रा–ज़ोनल चरण में भाग लिया। स्टील ज़ोन एवं मिसलेनियस ज़ोन की इंट्रा–ज़ोनल प्रतियोगिताएं 13 मई को आयोजित की गईं। स्टील ज़ोन की क्विज़ का आयोजन एसएमएस–2 कान्फ्रेंस हाल में हुआ।



■ संयंत्र स्तरीय सुरक्षा जागरूकता क्विज़ प्रतियोगिता

### यह रहे विजेता

स्टील ज़ोन की प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सीजीएम प्रभारी तापस दासगुप्ता व विशिष्ठ अतिथि सुशांत कुमार घोषाल थे। विशिष्ट अतिथि जीएम राजीव पांडेय व सीजीएम देबदत्त सतपथी व पुष्पा एम्ब्रोज थे।स्टील ज़ोन के इंट्रा–ज़ोनल राउंड में प्रथम आरईडी क्षेत्र की टीम मेसर्स आरएचआई के शिवकरण सिंह एवं मेसर्स स्नेहा कंस्ट्रक्शन के पुष्कर साहू को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान एमआरडी विभाग की टीम मेसर्स बलवंत के श्री सुनील वर्मा एवं श्री ओमप्रकाश हरमुख ने प्राप्त किया।।

## नगर निगम भिलाई की कार्रवाई की तैयारी, जमा नहीं करने पर वसूलेगा 5 प्रतिशत अधिभार

# 250 छोटे उद्योगों ने नहीं चुकाया सीमा कर, दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र के तीन जोन में छोटे, मंझोले और बड़े उद्योग धंधे संचालित हो रहे हैं। उद्योगों द्वारा यहां से दीगर स्थानों में माल का निर्यात किया जा रहा है। उसके बाद भी कई उद्योग निगम को माल निर्यात पर सीमा कर नहीं दे रहे हैं।

निगम की सामान्य सभा में आय बढ़ाने के लिए निर्यात सीमा शुल्क लेने का प्रावधान किया गया है। इस शुल्क को नहीं पटाने वाले उद्योगों का चिहांकन कर निगम नोटिस जारी कर रहा है। ऐसे 250 संस्थानों को निगम ने नोटिस थमाया है।

### इस नियम के तहत लेना है शुल्क

छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 132(2) के अधीन बनाए गये छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम सीमा से निर्यात किए गए माल पर सीमा कर निर्धारण एवं संग्रहण नियम 1996 के अधीन सीमा कर की राशि निगम कोष में जमा करना होता है। जो भी उद्योग या संस्था यहां पर निर्मित सामग्री का विक्रय सड़क के माध्यम से अन्य स्थानों के लिए करता है। तो उसे नियमानुसार निर्यात कर संबंधित निकाय क्षेत्र में जमा करना होता है।



### इन सामानों पर ये टैक्स तय

निगम ने सामनों का शुल्क तय किया है। अनाज/कृषि/कपड़े/लोहा पर 0.10 प्रतिशत, बिल्डिंग मटेरियल/हार्डवेयर पर 0.20 प्रतिशत, फल/साबुन/सोडा/फर्नीचर पर 0.25 प्रतिशत, मसाले/इलेक्ट्रानिक/मोटर वाहन सामग्री/इमारती लकड़ी पर 0.50 प्रतिशत एवं शराब/बियर/अफीम पर 1.00 प्रतिशत निर्यात कर के रूप में निगम कोष में जमा किया जाना होता है।

### बीएसपी सहित ये उद्योग दे रहे शुल्क

निगम के मुताबिक वर्तमान में कुछ संस्थाओं द्वारा निर्यात कर की राशि जमा की जा रही है। जो इस प्रकार से है भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल), भिलाई स्टील अथार्टी ऑफ इंडिया लिमिटेड, स्टील अथार्टी ऑफ इंडिया सेल रिफेक्ट्री यूनिट भिलाई, जे.पी. सीमेंट लिमिटेड भिलाई, अतुल ऑक्सीजन कंपनी 28 ए एण्ड्रस्टियल एरिया भिलाई, अतुल आक्सीजन कंपनी 28 बी एण्ड्रस्टियल एरिया भिलाई, अतुल क्रायोगेसिस गैस भिलाई, भिलाई सीमेंट पाईप मेन्चुरी, एन वायरर्स प्राईवेट लिमिटेड 20 लाईट एण्ड एरिया, बी. के. कास्टिंग लिमिटेड वोस्लो प्लांट, बी. के. इंजीनियरिंग कार्पोरेशन 45/47, सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग फाउण्ड्री वर्कस, सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड, विश्वा इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड आदि द्वारा जमा किया जा रहा है।

### नोटिस का जवाब नहीं दे रहे उद्योग

निगम भिलाई द्वारा ऐसे सभी संस्थाओं को जिनके द्वारा सामग्री निर्यात की जा रही है। उनको नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब उनके द्वारा वास्तविक रूप से नहीं दिया गया है। जबकि आयकर विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थाओं द्वारा अपने संस्था से निर्मित उत्पाद को भिलाई सीमा क्षेत्र से बाहर भेजा जा रहा है। सभी संस्थाओं को नगर निगम अधिनियम 1996 के अधीन सीमा कर की राशि 15 दिवस के भीतर निगम कोष में जमा करने का अंतिम नोटिस दिया गया है।

### लगेगा 5 प्रतिशत अधिभार

निगम आयुक्त राजेश कुमारपांडेय ने बताया कि जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, जी.एस.टी. विभाग, पर्यावरण संरक्षण विभाग एवं कार्यालयीन जानकारी अनुसार नगर निगम भिलाई को देय सीमा कर की राशि तथा 5 प्रतिशत अधिभार की नियमानुसार गणना की जावेगी। उसके पश्चात संस्था की चल/अचल संपत्तियों की कुर्की एवं नीलामी की कार्यवाही करते हुए सीमा कर वसूली की कार्यवाही की जावेगी। इसके नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता आर.एस.राजपूत को बनाया गया है। उनके अधिनस्थ जोन के प्रभारी राजस्व अधिकारी अपने दल के साथ संस्थाओं में जाकर नोटिस तामिल करवा रहे है।



हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 15 मई 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02

निरंकारी बाबा हरदेव सिंह मानवता के मसीहा उनके समर्पण दिवस पर किया सेवा कार्य

## लाइव इवेंट

### विदर्भ टेनिस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम रही उपविजेता



**भिलाई।** भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वावधान में विदर्भ टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम उपविजेता रही। टीम के कप्तान संदीप वर्मा अन्य खिलाड़ी रोशन लाल यादव, निलेश बैक, आमिर हुसैन, सूरज शाह, गगन कुमार साहू, अमित हरपाल, धीरज कुमार अनिकेत, संतोष चौहान, इजहार वसीम अंसारी, टीम के प्रशिक्षक संतोष प्रसाद, प्रबंधक कुदरत दास थे। महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट की टीम अपने पूल में दूसरे स्थान पर रही। महिला टीम में कप्तान सपना महानंद, तेजस्वी, पलक जोशी, लेना, अमीषा, भूमिका, जागृति, तृषा कुमारी, गायत्री साहू, हेमा एवं आरती शामिल थीं। टीम की प्रशिक्षक कुंती सिंह, प्रबंधक सुनीता यादव थीं।

- महिला टीम पूल में दूसरे नंबर पर रही

## सिटी इवेंट

### नर्सिंग सेवा मानव की असली सेवा यह नर्सों के सम्मान का है प्रतीक




**भिलाई।** अंचल के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर विशेष समारोह का आयोजन कॉफी हाउस भिलाई निवास में किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई की प्राचार्या डॉ. अभिलेखा बिस्वाल थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्या डॉ. लता पिल्लै ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सिस्टर हेमलता अचिन, विजया गजभिए, भारती भेलवा, काकोली दत्ता, सलावती लाल, समीक्षा भेलवा, सिस्टर अजी जेकब सहित कई सिस्टर एवं ब्रदर आदित्यन मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं उपस्थित सभी नर्स ने सिस्टर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के तैल्य चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया। डॉ. अभिलेखा बिस्वाल ने कहा कि सिस्टर फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिन मनाया जाता है, जो द लेडी विद द लैंप के नाम से प्रसिद् है। 1953 में क्रीमिया का युद्ध हुआ था। तब बहुत से सैनिक जख्मी होकर ठंड, भूख एवं बीमारी से जूझ रहे थे। तब फ्लोरेंस नाइटिंगेल अपने साथ 39 नर्सों को लेकर वहां पहुंची। कठिनाइयों से भरी स्थिति में घायलों की सेवा की। कई लोगों को नया जीवन दान दिया था। आज भी नर्सिंग स्टाफ कई जगह विपरीत परिस्थितियों मे मानव सेवा ही सच्ची सेवा है को मानते हुए मरीजों की सेवा कर रहे हैं। दिन रात मरीजों की सेवा कर उन्हें जल्द से जल्द स्वस्थ करने में अपनी सराहनीय भूमिका निभाती हैं।


- अंचल के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर विशेष समारोह का किया आयोजन
- सिस्टर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के किए कार्यों को किया याद

#### फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

उप प्राचार्या डॉ. पिल्लै ने कहा कि सिस्टर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि जब वह छोटी थी, तब गंभीर रूप से बीमार हो गई थीं। उस समय बीएसपी के अस्पतालों में उतनी सुविधा नहीं थी, जो आज उपलब्ध है। उन्हें इलाज के लिए परिवार वालों द्वारा अन्य शहर में ले जाया गया था। वहां पर नर्स लोगों ने दिन-रात की जा रही सेवा को देखकर उन्होंने नर्सिंग के क्षेत्र में जाकर मरीजों की सेवा, देखभाल करने का निश्चय किया। कार्यक्रम में एसएन बिस्वास, जाविद हसन, दिनेश मिश्रा, पीके सिंह, रूतेन्द्र पांडे, सुशांत बंदोपाध्याय, राजेंद्र नायडू, शुभायु दास, अन्तर्यामी नायक, शिव शंकर साहू, गोविंद पाल, केएल विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## उपलब्धि

### सोशल मीडिया से बनाकर रखी दूरी, सौम्या के 12वीं में अर्जित किए 95 फीसदी अंक



**भिलाई।** सीबीएसई के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसमें 12वीं कक्षा में बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-10 की सौम्या यादव ने 95 फीसदी अंक अर्जित किए। सौम्या यादव पूर्व पार्षद देवेन्द यादव, रीना यादव की सुपुत्री और छग कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र यादव की भतीजी हैं। सौम्या के माता-पिता, शिक्षक और अन्य लोग उनकी उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सौम्या का कहना है की उन्होंने सत्र शुरू होते ही परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी। साथ ही सभी विषयों को बराबर समय दिया। हर दिन 4-6 घंटे पढ़ाई कर इस मुकाम तक पहुंची। सौम्या ने सोशल मीडिया से भी दूरी बनाई रखी।

● सेक्टर-6 स्थित चर्च में 7 दिवसीय वेकेशन बाइबिल क्लास का किया जा रहा आयोजन

# बच्चों ने ईसा मसीह के प्रेम, आज्ञाकारिता, आनंद, नम्रता और समान भाव को डांस में पिरोकर दिया अनोखा संदेश

सेक्टर 6 स्थित क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च में 7 दिवसीय वेकेशन बाइबिल क्लास का आयोजन किया गया। इसमें प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक के स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इन विद्यार्थियों ने आयोजित क्लास में भाग लिया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ रचनात्मक, प्रेरणादायक और मनोरंजक अनुभव प्रदान किया। चर्च के सदस्यों ने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बाइबिल शिक्षाओं से जोड़ना, मसीह के नैतिक मूल्यों की गहराई को समझाना तथा देश प्रेम, मानव सेवा, प्रेम और करुणा जैसे गुणों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित करना था।



ईश्वर भक्ति, शिक्षा और मनोरंजन का संगम




**भिलाई।** चर्च रेव्ह अर्पण तरुण, रायपुर से रेव्ह दीपांकार नंदी मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप मे थे। इस कार्यक्रम में विभव कांत समुएल, शिरीन जे फिश, नबीन गार्डीया, सपन मलाकी सलीम खलको समेत कई लोग उपस्थित रहे। प्रार्थना के साथ यह कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ और प्रभु के प्राथना और अराधाना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रत्येक दिन का कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से विभाजित किया गया। इसमें बाइबिल अध्ययन के लिए विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार समूह बनाकर बाइबल की प्रमुख कहानियां, शिक्षा और नैतिक सन्देशों को सरल भाषा और इंटरएक्टिव तरीके से पढ़ाया गया। वही भजन और स्तुति सत्र में बच्चों ने सामूहिक रूप से भजन गाए, जिससे उनमें सामूहिकता और आध्यात्मिक जुड़ाव की भावना विकसित हुई। इसके साथ ही थीम आधारित शिक्षाएं जैसे ईश्वर का प्रेम, राष्ट्र के लिये तन मन धन से समर्पण, क्षमा का महत्व समेत कई विषयों पर शिक्षकों ने बच्चों के साथ संवाद किए। इस अवसर पर कला, शिल्प और मनोरंजन के साथ बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक सहायक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इसमें ड्रॉइंग, पेंटिंग प्रतियोगिता, बाइबल और राष्ट्रीय चरित्र को चित्रों के माध्यम से व्यक्त करने की प्रतियोगिता ने बच्चों की कल्पनाशक्ति को उजागर किया। साथ ही नाटक और स्किट में बच्चों ने अच्छे पात्रों पर आधारित लघु नाटकों में अभिनय किया। हर आयु वर्ग के अनुसार मनोरंजक खेल और ज्ञान वर्धक क्विज़ प्रतियोगिताओं का भी आयोजित किए गया।

### समापन समारोह में प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित



कार्यक्रम के दौरान कुछ विशेष सत्रों में मनोवैज्ञानिकों, धार्मिक शिक्षकों और युवा प्रेरकों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने बच्चों से संवाद कर उन्हें आत्मविश्वास, नैतिक नेतृत्व और टीमवर्क जैसे गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अतिम दिन भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अपने द्वारा सीखे गए ज्ञान और कला का प्रदर्शन किया। विजेताओं को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए। चर्च पंचायत समिति और अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की और इसे बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। इसके साथ ही आगे भी ऐसे आयोजन को ज्यादा दिनों तक बढ़ाने की भी मांग की गई।

## चेंबर करेगा युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में काम, महिलाओं को प्रशिक्षण



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने दुर्ग-भिलाई में व्यापारियों के हित में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किय। इसका उद्देश्य व्यापारियों की वर्तमान समस्याओं का समाधान, आने वाले 30 वर्षों की व्यापारिक योजना का निर्माण, व्यापार को दोगुना करने की रणनीति, तीन पीढ़ियों तक व्यापार को स्थायित्व देना, एवं युवा पीढ़ी में व्यापार के प्रति रुचि बनाए रखना है। आयोजित कार्यक्रम में अजय भसीन ने कहा कि समय के साथ चलना है। डिजिटल परिवर्तन को अपनाना है। योजनाबद्ध तरीके से व्यापार का विस्तार करना है। यह आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन नीति से देशभर के व्यापारियों और उद्योग जगत को स्थायित्व एवं विकास के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। व्यापारी वर्ग अग्निवीर योजना में भर्ती के इच्छुक युवाओं की हरसंभव सहायता के लिए तत्पर है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय गृह एवं रक्षा मंत्री को पत्र भेजकर आग्रह किया जाएगा कि छत्तीसगढ़ प्रांत विशेषकर बस्तर अंचल के युवाओं के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाया जाए, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार एवं राष्ट्रसेवा का अवसर मिले। रिसाली, वैशाली नगर, कैंप एवं सेक्टर क्षेत्रों में महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाए जाएंगे। यह प्रशिक्षण उन्हें स्वरोजगार, डिजिटल मार्केटिंग, एवं स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में सक्षम बनाएगा। बैठक में गार्गी शंकर मिश्रा, दिनकर बसोटिया, अनिल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## वूमेंस टी-20 क्रिकेट में सीएससीएस साउथ ने सात विकेट से जीता मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वूमेंस अंडर- 19 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत बुधवार को दो मैच खेले गए। भिलाई के मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में सीएससीएस नॉर्थ और सीएससीएस साउथ के बीच मैच खेला गया। साउथ ने यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। नॉर्थ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 70 रन बनाई। इसमें पलक सिंह ने 17 रन, अनन्या सूर्यवंशी ने नॉट आउट 13 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी साउथ की टीम ने महज तीन विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य पा लिया। सिदीक्षा तिवारी ने नाट आउट 26 रन, चांद चेलक ने नॉट आउट 22 रन बनाए। दूसरा मैच दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में ईस्ट और वेस्ट की बीच खेला गया। ईस्ट ने आठ रन से यह मैच जीता। ईस्ट ने दो विकेट पर 117 रन बनाए। अदिति वर्मा ने नॉट आउट 42 रन और आकांक्षा रानी ने 46 रन की पारी खेला। वेस्ट की टीम सात विकेट पर 109 रन ही बना सकी।

### पांच दशक से आदिवासी अंचल से दुर्लभ लोकवाद्य यंत्रों को संग्रह कर रहे रिखी

## दुर्गम आदिवासी अंचल में बजने वाला 1 क्विंटल से ज्यादा वजनी देश का सबसे बड़ा ढोल बढ़ाएगा ट्विनसिटी के संग्रहालय की शोभा, बीजापुर से लाया गया

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विगत 5 दशक से आदिवासी अंचल के दुर्लभ लोकवाद्य यंत्रों का संग्रह कर रहे प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय बस्तर के बीजापुर अंचल से देश का सबसे बड़ा ढोल लेकर आए हैं। मरोदा सेक्टर स्थित कुहूकी कला ग्राम में यह विशालकाय ढोल पहुंच चुका है। रिखी क्षत्रिय का कहना है कि अपनी 5 दशक की खोजयात्रा में पहली बार उन्होंने इतना बड़ा ढोल देखा है। बीजापुर जिले के धनोरा ब्लाक के मुसालूर गांव में आयोजित पेन करसाड़ (देव मड़ई) के दौरान उन्हें मुरिया आदिवासी समुदाय के पास यह भोगम ढोल मिला है।





#### दो लोग उठाते और बजाते हैं कांवर की तरह

लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने बताया कि लगभग एक क्विंटल वजनी भोगम ढोल को सरई बीजा की लकड़ी से बनाया जाता है। इसमें बैल या भैंस का चमड़ा मढ़ा जाता है। इसकी लंबाई 3 फीट है और इसका व्यास 2 फीट का है। रिखी का कहना है कि 3 फीट लंबे लोकवाद्य और भी हो सकते हैं लेकिन 2 फीट व्यास का ढोल देश में कहीं नहीं मिलता है। इस भोगम ढ़ोल को बीजापुर जिले में निवास करने वाले मुरिया आदिवासी अपने जात्रा,करसाड़, शादी-ब्याह, जन्म उत्सव एवं मांगलिक कार्यों में परंपरागत रूप से बजाते आ रहे हैं। रिखी मानते हैं कि लोकवाद्य संग्रह में उन्हें यह बेहद महत्वपूर्ण वाद्य मिला है।

#### देव मड़ई में मिला भोगम ढोल

लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने बताया कि बस्तर के आदिवासी अंचल में अप्रैल माह से देव मड़ई शुरू हो जाती है। हाल ही में बीजापुर जिले के धनोरा ब्लॉक में पेन करसाड़ में देव मड़ई का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के ग्रामीण हजारों की तादाद में पहुंचे। यहां ग्रामीण अपने 100 से ज्यादा देवों को सवारी के साथ लेकर आए। रिखी क्षत्रिय का कहना है- यहां दुर्लभ लोकवाद्य की खोज यात्रा के तहत वह भी पहुंचे थे। यहां दूसरे दिन ग्रामीणों ने अपने अपने लोकवाद्यों का प्रदर्शन अपने देवों के सामने किया। जिसमें ग्रामीण भोगम ढोल लेकर पहुंचे थे। रिखी का कहना है कि पहली बार उन्होंने इतना विशाल ढोल देखा। उन्होंने इसका वहीं के आदिवासियों से निर्माण करवाया और अब यह ढोल उनके संग्रह में शामिल हो गया है।

#### 200 से ज्यादा लोकवाद्य हैं रिखी के संग्रह में

भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय की बाल्यकाल से ही लोकवाद्यों में रूचि थी और उन्होंने बेहद कम उम्र से ही इनका संग्रह शुरू कर दिया था। बीएसपी की सेवा में रहते हुए और लोककला की प्रस्तुतियां देते हुए रिखी क्षत्रिय को आसपास और दूर-दराज के ग्रामीण अंचल में जाने का मौका मिलता रहा है। इस दौरान रिखी लगातार दुर्लभ वाद्यों की खोज करते रहते हैं। आज 5 दशक में उनके पास 200 से ज्यादा दुर्लभ लोकवाद्य इकट्ठा हो चुके हैं। जिन्हें देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री से लेकर कई विशिष्ट लोगों और आम लोगों ने हमेशा सराहा है। छत्तीसगढ़ की लोककला के संरक्षण में रिखी क्षत्रिय महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## सिटी इवेंट

# कुपोषित बच्चों को गोद लेकर दूध, केला और गुड़ सहित दे रहे पोषण सामग्री



**भिलाई।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सरपंचों और जनप्रतिनिधियों द्वारा 7 केंद्रों के लिए चना, मूंगफली, गुड़, सप्ताह में दो दिन दूध और केला, बच्चों को पोषण सामग्री सहित कुपोषित बच्चों को गोद लेकर पोषण सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सरपंचों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय बनती जा रही है। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में दुर्ग जिले में सबसे अधिक 77 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है, जहां अगले 6 माह में कुपोषण को कम करने का लक्ष्य तय किया गया है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों में 247 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी समन्वय से कार्य कर रहे हैं। अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान कुपोषण से मुक्त हुए ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन किया जाएगा और सर्वाधिक कुपोषण से मुक्त हुए पंचायतों को विभाग की ओर से एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इस अभियान और सेवा कार्य में सरपंच डॉ. राजेश बंछोर, दिनेश ठाकुर, तुलसी सिन्हा, विनय चंद्राकर, ज्योति गोलू चंद्राकर विशेष सहयोग कर रहे है। इन सभी ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रेडी टू ईट मिलाकर लड्डू बनाया गया है। जिसे रोज कुपोषित बच्चों को खिलाया जा रहा है। चिन्हांकित ग्राम पंचायतों को कुपोषण मुक्त करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार गृहभेंट कर कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के खान-पान में विशेष ध्यान दे रही है। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भरपूर सहयोग कर रहे हैं। जिससे बच्चें कुपोषण मुक्त हो सके।

- **कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में दुर्ग जिले की 77 पंचायतें चयनित**



## एजुकेशन लाइव

# मेधावी छात्रा धरना ने 91.4 प्रतिशत लाकर बढ़ाया मान



**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद स्कूल खम्हरिया की धरना साहू ने 91.4% लेकर शहर को गौरवान्वित किया है। धरना की इस सफलता पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने धरना साहू के घर जाकर उन्हें बुके, मिठाई भेंट कर बधाई दी। उन्होंने धरना की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए आगे की पढ़ाई के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल, धर्मेंद्र यादव, राजेंद्र साहू, महेंद्र साहू, प्रवीण साहू ने उनके घर जाकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## समाज इवेंट

# सिंधी समाज के अध्यक्ष बने डॉ. धर्मेंद्र साईं झूलेलाल की हुई आरती व अरदास



**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज भिलाई के अध्यक्ष पद के चुनाव में पहली बार आम बैठक में उपस्थित 80 में से उपस्थित 60 मेंबरों ने सर्वसम्मति से एक मत होकर डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी के 10 वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों को देखते हुए एक बार फिर अध्यक्ष बनाया। साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में 60 वर्ष पूर्व गठित आदर्श सिंध ब्रादर मंडल हाउसिंग बोर्ड भिलाई में परंपरा अनुसार पूर्व अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी के 3 वर्षीय कार्यकाल समापन के बाद आम बैठक में अध्यक्ष पद पर चुनाव करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साईं झूलेलाल की आरती, अरदास और पल्लव गाकर वैश्विक शांति, आरोग्य एवं कल्याण की प्रार्थना कर की गई। पिछले तीन वर्षों के आय-व्यय का ब्यौरा भी समिति द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान लगातार 10 वर्षों से अध्यक्ष पद का निर्वहन कर रहे डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी और उनकी कमेटी की उपलब्धियों और समाज हित में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें समाज के सभी सदस्यों ने उनकी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। इस बैठक में समाज के सदस्यों ने जागरूकता और एकजुटता का परिचय देकर समाज के अध्यक्ष पद में पहली बार 80 मेंबर में से 60 मेंबरों ने शामिल होकर 75% की उपस्थिति में पूर्व अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी को ही आमसहमति से ही एकमत होकर निर्विरोध पूर्ण बहुमत के साथ अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया। इस अवसर पर डॉ मनोज आनंद, डॉ गिरीश कृष्णानी, डॉ राजेश पंजवानी, राजकुमार पिनयानी, दिलीप थारानी, सुरेश जीवनानी, सुरेश मदनानी, अनिल थारवानी सहित सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्र सेविका समिति का ग्रीष्म कालीन प्रवेश वर्ग आरम्भ

# ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शुरू, 102 शिक्षार्थी 15 दिन तक अपने वर्ग में शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक क्षमता में लाएंगी निखार

**90 वर्ष के पूर्णता की ओर अग्रसर राष्ट्र सेविका समिति के ग्रीष्मकालीन प्रवेश वर्ग का आरम्भ सरस्वती शिशु मंदिर, सेक्टर चार, भिलाई- दुर्ग में हुआ। छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र से नामांकित 102 शिक्षार्थी 15 दिनों तक वर्ग में अपने शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक क्षमता में निखार लाएंगीं। राष्ट्र सेविका समिति दवरा आयोजित ग्रीष्म कालीन शिविर का आयोजन 12 से 28 मई तक किया गया है। जहां छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों से मनोनीत शिक्षार्थी सहभागिता प्रदान कर रहे है।**

**भिलाई।** इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ विभा सिंह और मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत बौद्धिक प्रमुख प्राची गर्ग और अश्वनी नागले भिलाई उपस्थित थी। प्रवेश वर्ग का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं ध्वजारोपण कर किया गया। राष्ट्र सेविका समिति का ग्रीष्म कालीन प्रवेश वर्ग भिलाई में प्रारंभ किया गया है। इस प्रवेश वर्ग में छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों से मनोनीत शिक्षार्थी सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। राष्ट्र सेविका समिति भिलाई की अश्वनी नागले ने जानकारी देते हुए बताया कि 90 वर्ष पूरे होने वाली राष्ट्र सेविका समिति के ग्रीष्मकालीन प्रवेश वर्ग का आरम्भ भिलाई में किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र से 21 गृहणियां और 81 बालिकाओं सहित कुल 102 शिक्षार्थी 15 दिनों तक अपने अपने वर्ग में अपने शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक क्षमता में निखार लायेंगी। प्रवेश वर्ग के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि साहित्य और खेल के क्षेत्र में विशेष स्थान प्राप्त डॉक्टर विभा सिंह ने सेविकाओं को वर्तमान परिवेश में उनके सामाजिक दायित्व को समझाते हुए कहा कि हमें सभी विधाओं में पारंगत होते हुए सदैव राष्ट्र सेवा के प्रति कटिबंध रहना चाहिए।




### चार लेवल में दिया जाता है प्रशिक्षण



अश्वनी नागले ने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति की सदस्याओं को यह प्रशिक्षण 4 लेवल में दिया जाता है। जिसमें 7 दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण दिसंबर की छुट्टियों में दिया जा चुका है। यह ग्रीष्म कालिन प्रशिक्षण सेकेंडरी प्रवेश वर्ग 15 दिनों तक होगा। इसके बाद तीसरा लेवल 15 दिवसीय प्रबोध और चौथा अंतिम लेवल प्रवीण वर्ग 20 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### समाज के बीच रखें समरसता का भाव



मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत बौद्धिक प्रमुख प्राची गर्ग ने समिति कार्य ईश्वरीय कार्य\₹ विषय को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि एक सेविका को स्वप्रेरणा से स्वयं का व्यक्तित्व निर्माण कर, देश के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करना होगा। धर्म की रक्षा सबसे बड़ी पूजा है। संगठन से शक्ति का निर्माण होता है और तभी हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो पाते हैं। हमें समाज के बीच में समरसता का भाव रखना होगा। अपनी सभ्यता-संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सभी मातृशक्ति का दायित्व है।

### योग, व्यायाम, खेल, परेड और दंड का प्रशिक्षण

सेक्टर 4 में आयोजित प्रवेश वर्ग के प्रशिक्षण में सेविकाएं शारीरिक प्रशिक्षण में योग, व्यायाम, खेल और परेड जैसी गतिविधियाँ, बौद्धिक सत्र में राष्ट्र सेवा, भारतीय संस्कृति, इतिहास और नारी शक्ति पर व्याख्यान, सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, नाटक, नृत्य, समूह चर्चा सहित संघ और सेवा कार्य का परिचय सेविका समिति की कार्यशैली और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा आदि के विषय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अखिल भारतीय सह घोष प्रमुख प्राची सुभाष पाटिल की उपस्थिति में \₹प्राथमिक वर्ग\₹ प्रशिक्षित सभी शिक्षार्थियों ने एक नवीन ऊर्जा के साथ पन्द्रह दिवसीय प्रवेश वर्ग पूर्ण करने का संकल्प लिया।

## आयोजन...

# पैदल मार्च निकालकर पर्यावरण संरक्षण करने किया जागरुक, बैनर व पोस्टर से दिया संदेश




**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवनदान सेवा संस्था और सर्व संगठन द्वारा अनोखी पहल करते हुए पैदल मार्च निकाल कर हाथों में पर्यावरण संरक्षण के स्लोगन लिखे बैनर- पोस्टर लेकर जागरूकता रैली निकाली और लोगो को पर्यावरण सहेजने का संदेश दिया। भिलाई। जीवनदान सेवा संस्था और दुर्ग भिलाई के सर्व संगठन द्वारा सिविक सेंटर में एक विशेष पैदल मार्च का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता फैलाने के लिए संस्थान की एक अनोखी और सराहनीय पहल रही। इस पैदल मार्च में सैकड़ों की संख्या में संस्थान के सदस्य, पर्यावरण प्रेमी, विद्यार्थी तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। हाथों में जागरूकता से भरे नारों वाले बैनर और पोस्टर लिए प्रतिभागियों ने सिविक सेंटर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए आम जनमानस को स्वच्छता, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया। संस्थान के पदाधिकारी ज्योति कम्मो चंद्राकर, ममता गोस्वामी ने बताया कि यह अभियान न केवल भिलाई में बल्कि पूरे प्रदेश और देशवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। जीवनदान सेवा संस्थान का उद्देश्य जनसहभागिता से पर्यावरणीय संकटों से लड़ना और भावी पीढ़ी को एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देना है। इस अवसर पर संगठन के जिला महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी ने पर्यावरण से संबंधित गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डाला और आमजन से अनुरोध किया कि वे अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।



## समर्पण दिवस पर सत्संग का आयोजन

# निरंकारी बाबा हरदेव सिंह मानवता के मसीहा उनके समर्पण दिवस पर किया सेवा कार्य



**भिलाई।** निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज का निर्वाण दिवस निरंकारी जगत में समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। समर्पण दिवस पर सत्संग का आयोजन सेक्टर 8 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में किया गया। ब्रांच संयोजक सतपाल सैनी ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह मानवता के मसीहा थे। बिना थके वो मानवता के लिए संसार मे प्यार बरसाया और मानवता के समर्पित जीवन जीने का ढंग सीखाया। श्री सैनी बताया कि गुरसिख हमेशा गुरु को आगे रखता है। गुरसिख को फल की इच्छा नही होती वो निरंतर कर्म करते है। सत्संग में जामुल प्रमुख पंचराम साहू ने भी अपने विचारों में बाबा हरदेव सिंह महाराज को एक मसीहा प्यार का बताया। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने अपने अपने विचार रखे।



निरंकारी बाबा हरदेव सिंह के आध्यमिक ज्ञान के साथ साथ समाज कल्याण में अनेक कार्य किये। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शंकर सचदेव ने बताया कि रकतदान, वृक्षारोपण, सफाई अभियान, नदी व तालाबो की सफाई अमृत मिशन प्रमुख सेवा कार्य जो आज तक निरंतर जारी है। विशाल सत्संग में दुर्ग-भिलाई के अलावा अहिवारा, जामुल, उतई, उरला, चिचा, गबदी, कवर्धा से भी श्रद्धालु पहुंचे थे।

## कान फुल कॉन्टेक्ट कराते के खिलाड़ी में मिले सांसद विजय

# 16वीं राज्य स्तरीय स्पर्धा में 27 स्वर्ण, 20 रजत व 11 कांस्य पदक जीतकर चैम्पियनशिप पर किया कब्जा

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** 16वीं राज्य स्तरीय वुशू मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता में 27 स्वर्ण, 20 रजत व 11 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदक जीतकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैम्पियनशिप पर अपना कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में पुरे राज्य से 300 खिलाड़ी पहुंचे थे। दुर्ग जिले के फुल कॉन्टेक्ट कराते की टीम सबसे बड़ी टीम थी।कारा - कु - जु - बो- काई - कान फुल कॉन्टेक्ट कराते के खिलाड़ी संस्था के डायरेक्टर सेन्साई गिरीराव के नेतृत्व में दुर्ग जिले के सांसद विजय बघेल से मिलने पहुंचे, जहां सांसद ने सभी को बधाई देते हुए आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। ये सभी विजयी खिलाड़ी सेन्ट पालोटी इंटरनेशनल स्कूल में 3 से 7 मई तक आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय वुशू मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त कर चैम्पियनशिप में विजेता बने। इस प्रतियोगिता में तकनीकी व निर्णायक, टीम मैनेजर व कोच के रूप में भरत साहू, आरती साहू, सुभाष सोनी, लक्ष्मी तिवारी व मनोज नेताम थे। सीनियर ब्लैक बेल्ट अरविंद चन्देल, दीपक गुप्ता, जे पी राजू, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, श्रवण साहू का विशेष सहयोग रहा। सांसद विजय बघेल ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों व उनके पालको को विशेष रूप से मुख्य प्रशिक्षक सेन्साई गिरीराव को शुभकामनायें देते हुए कहा कि खिलाड़ी अपने अनुशासन व लक्ष्य के प्रति समर्पण को लेकर आगे बढ़ते हैं। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पार्षद दया सिंह, भोजराज सिन्हा, पलाश घोष, भरत गौर ने बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।



### यह खिलाड़ी रहे विजेता

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक विजेता सब जूनियर कैटेगरी में गीतिका साहू, आध्या चंद्राकर, पूर्वी सिंह, पूर्णेंदु एस आर, मुस्कान कुमारी, रावी देशमुख, आदिती शर्मा, शिवांगीनी गंधर्व, तानिया वर्मा, चित्राक्ष साहू, दीप कुमार सिन्हा, पार्थ दावड़ा, उदयराज चंद्राकर, अविश मनरल। जूनियर कैटेगरी में ऐशनी पॉल, मिशिता साहू, चांदनी साहू, स्वस्ति पाण्डेय, वेदांत साहू, रोहन देवांगन, जी. श्रीहर्ष। सीनियर कैटेगरी में श्रेया चौधरी, शाश्मिता तांडी, निशा यादव, मोनप्रीत कौर, तिलक चंद्राकर। रजत पदक विजेता सब जूनियर कैटेगरी में दक्षिता साहू, माधवी निषाद, हर्षिता सिंह, कृष्णेंदु एस आर, गीतेंद्र डहरिया, गीतांश निमजे, हिमांशु तरैया, हिमाक्ष साहू, सृजन साहू, आराध्य ताम्रकार, अविनाश कुमार। जूनियर कैटेगरी में पल्लवी निषाद, नूतन साहू, आर स्नेहा, शौर्य नाग, एल सुजल, नील अड़तिया, तरणवीर सिंह। सीनियर कैटेगरी में महक हुसैन, अनुज दहाते। कांस्य पदक विजेता सब जूनियर कैटेगरी में काव्या नायक, अद्वितीय द्विवेदी, दीपांश डहरिया, रुद्रांश सिंह, कार्तिके तरैया, विवेक पाण्डेय। जूनियर कैटेगरी कामिनी साहू, अरमान देवांगन, ओमप्रकाश गडरिया। सीनियर कैटेगरी एन अर्जुन, ओमकार धनकर विजेता रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### नेशनल क्रिकेट एकेडमी के कैंप में यति का चयन



**रायपुर।** ऑल इंडिया जूनियर चयन समिति द्वारा नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर-15 (महिला वर्ग) हाई परफार्मेंस कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से यति शर्मा का चयन किया गया है। यह कैंप 19 मई से 12 जून तक बैंगलुरु में आयोजित किया जायेगा। यहां खिलाडी बीसीसीआई के विशेषज्ञों के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करेगें, जिसमें तकनीकी तथा शारीरिक प्रशिक्षण भी सम्मिलित है।

### स्टेट मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप आज से



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से 15 मई से 19 मई 2025 तक बेमेतरा के एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। अंडर-7, 9,एवं अंडर 11 शतरंज चैंपियनशिप का शुभारम्भ दोपहर 1 बजे जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा करेंगे। इस चैंपियनशिप में अंडर-7,9, एवं अंडर 11 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त चैंपियनशिप में उच्च स्तरीय सुविधाएं खिलाड़ियों को प्रदान की जा रही है। 15 एवं 16 मई को अंडर-7, 9, 11 आयु वर्ग में आयोजित स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के कुल 150 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। जिसमें रायपुर दुर्ग,राजनांदगांव ,बीजापुर, जगदलपुर, कोंडागांव, बेमेतरा, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, कोरिया, मुंगेली, जांजगीरचांपा,कांकेर ,महासमुंद, और बलौदा बाजार जिले के शतरंज खिलाड़ी शामिल है। खिलाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार स्विस लीग पद्धति से सात चक्रों में मैच खेला जाएगा। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक फ़िडे आर्बिटर रॉकी देवांगन है। यह जानकारी प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने दी है।

### ऑल इंडिया पावर लिफ्टिंग में कुशाल ने जीता रजत पदक



**भिलाई।** यूनिवर्सिटी ऑफ काश्मीर में आयोजित ऑल इंडिया पावर लिफ्टिंग पुरूष प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के खिलाड़ी कुशाल पटेल ने 59 किलो ग्राम वजन वर्ग समूह मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी के बराबर ही 640 किलो वजन उठाकर रजत पदक प्राप्त किया है। कुशाल पटेल के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कुलपति डॉ संजय तिवारी ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि कुशाल पटेल सत्र 2023-24 व 2024-25 में स्ट्रांगमैन आफ द युनिवर्सिटी तथा 2023-24 में ही केरल में आयोजित पावर लिफ्टिंग एशियन गेम में सिल्वर मेडल व 2022-23 में सीनियर नेशनल गेम में ब्रोन्ज मेडल एवं 2021-22 में वेस्ट जोन में गोल्ड मेडल प्राप्त किये है। इस टीम के मैनेजर क्षेत्रपाल चन्द्राकर व कोच राज वासनिक रहे। ज्ञात हो पिछले दो वर्षो में पावर लिफ्टिंग महिला टीम के खिलाड़ियों में एश्वर्या नंदी व डी भाविका ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। इस बार पुरूष टीम के खिलाड़ी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। आल इंडिया पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करने पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. संजय तिवारी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, खेल संचालक डा. दिनेश नामदेव, उपकुलसचिव डा राजमणि पटेल, सहायक कुलसचिव परीक्षा हिमांशु मण्डावी वित्त अधिकारी सुशील गजभिये, सहायक कुलसचिव गोपनीय राजेन्द्र चैहान एवं सहायक कुलसचिव सामान्य प्रशासन दिग्विजय साहु ने हर्ष जताया है।

### खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में कलारिपयात्तु में दूसरा पदक



**रायपुर।** 7वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कलारिपयात्तु मार्शल आर्ट खेल में 12 मई को सम्पन्न लॉन्ग स्टफ लाठी इवेन्ट में कोरबा की रागिनी और तवर्णा पटेल की टीम ने लॉन्ग स्टफ लाठी फाइट का शानदार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ को पहला कांस्य पदक दिलाया।उल्लेखनीय हैं कि कल 11 मई को छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीता था और आज कांस्य पदक हासिल कर राज्य को इस खेल में कुल पदकों की संख्या 02 पहुँचाई। राज्य संघ से जुड़े सभी पदाधिकारियों ने पदक विजेता दोनो खिलाड़ियों को बधाई दी है। टीम के कोच के रूप में कमलेश देवांगन (कोरबा) एवं हरबंश कौर (बालोद) थे।

● स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए जरूरी सुझाव

# चिलचिलाती धूप का सीधा असर पड़ता है बच्चों की सेहत पर, इस मौसम में सावधानी बरतना ही समझदारी

अस्पतालों में रोजाना गर्मी के कारण होने वाली समस्याओं के साथ कई बच्चे आ रहे हैं, इसलिए सभी माता-पिता को इन दिनों अतिरिक्त सावधान बरतनी चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए स्कूलों के लिए कुछ सुझाव दिए हैं।

देश के अधिकतर राज्य इन दिनों बढ़ती गर्मी का प्रकोप झेल रहे हैं। कई स्थानों पर तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस तरह की बढ़ती गर्मी का सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है। 40 से अधिक के तापमान के कारण हीटस्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है, जो पूरे शरीर के कार्यों को प्रभावित करने वाली हो सकती है।

वैसे तो इस भीषण गर्मी से बचाव करते रहना सभी के लिए आवश्यक है पर स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चे और बुजुर्गो की सेहत पर लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। चूंकि बच्चे स्कूल जाते हैं, बाहर खेलते हैं इस वजह से उनमें हीट स्ट्रोक का जोखिम अधिक हो सकता है।



सभी माता-पिता ये सुनिश्चित करें कि बच्चे धूप के सीधे संपर्क में कम से कम आएं और गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए उपाय करते रहें।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने तेज गर्मी में बच्चों की सुरक्षा के लिए कुछ जरूरी सुझाव दिए हैं जिसके बारे में माता-पिता को जानना और इसका पालन करते रहना जरूरी है।

### बढ़ती गर्मी का बच्चों की सेहत पर असर

बढ़ा हुआ तापमान बच्चों की सेहत पर गंभीर असर डाल सकता है। बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) वयस्कों की तुलना में कमजोर होती है, जिससे वे हीटवेव, डिहाइड्रेशन और अन्य गर्मी से जुड़ी बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट्स के अनुसार, हीट स्ट्रोक बच्चों में जानलेवा हो सकता है, खासकर 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में इसके कारण गंभीर जोखिमों को डर रहता है। अस्पतालों में रोजाना गर्मी के कारण होने वाली समस्याओं के साथ कई बच्चे आ रहे हैं, इसलिए सभी माता-पिता को इन दिनों अतिरिक्त सावधान बरतनी चाहिए।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिए जरूरी सलाह

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए स्कूलों के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करें। साफ और सुरक्षित पानी के लिए वाटर कूलरों की नियमित रूप से सफाई करें और निगरानी करें। छात्र और शिक्षकों के नियमित स्वच्छता संबंधी आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त जल भंडारण सुनिश्चित करें। कक्षाओं को प्राकृतिक या कृत्रिम तरीके, जैसे पंखे, कूलर आदि से अच्छी तरह हवादार रखें। विशेष रूप से लू की चेतावनी के दौरान, अत्यधिक धूप के दौरान (12-3 बजे) किसी भी बाहरी गतिविधियों से बचें।

बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और शरीर को ठंडा रखने के महत्व के बारे में बतायें। एक खास अंतराल पर घंटी बजाकर बच्चों को पानी पीने के बारे में याद दिलाएं।बच्चों को गर्मी/लू से संबंधित संकेत एंव लक्षणों को पहचाने के बारे में और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बतायें। बच्चों को उनके मूत्र के रंग से शरीर में पानी की कमी के लक्षणों की पहचान करने के लिए शिक्षित करें।



## आपके घर में भी तो नहीं आ रही है नकली चीनी, ऐसे करें पहचान

आप सभी के घर की रसोई में चीनी का डिब्बा जरूर होगा। जिसका इस्तेमाल हम सुबह शाम, चाय,कॉफी हलवा आदि बनाने के लिए करते ही हैं। ऐसे में आपको सुनकर हैरानी होगी हमारी डिशेज में मिठास घोलने वाली यह सफेद रंग की चमकदार चीनी भी नकली बिक रही है। कहीं आपके घर में तो नकली चीनी का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। अब आप कहेंगे कि हमें कैसे पता लगेगा। आज आपको कुछ तरीके बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप नकली और असली चीनी का पता लगा सकती हैं।

### हथेली पर रगड़कर लगाएं पता

आप यदि अपने घर में यूज होने वाली चीनी के असली और नकली होने का पता लगाना कहती हैं, तो आपको उसके लिए चीनी को हथेली पर लेकर रगड़ना है। अगर चीनी क्रिस्टल और चमकदार दिखने के साथ पाउडर नहीं बने तो वो चीनी असली है। जबकि नकली चीनी हाथ में रगड़ने पर पाउडर जैसे बन जाएगी और हल्की चिपचिपाहट छोडने लगेगी।

### पानी में डालकर करें टेस्ट

इसके अलावा आप चीनी को पानी में डालकर भी असली और नकली में फर्क कर सकती हैं। इसके लिए आपको एक गिलास में पानी लेना है और आधा चम्मच चीनी मिला देनी है। अगर चीनी पूरी तरह घुल जाती है और उसमें से अमोनिया की स्मेल नहीं आ रही है तो



आपको चीनी एकदम प्योर है। नकली चीनी में हल्के ब्राउन रंग के कण रह जाते हैं। और पानी में से अमोनिया की बदबू आने लगती है।

### गर्म करके करें पहचान

असली और नकली चीनी का पता करने के लिए आप एक बर्तन में धीमी आंच पर चीनी डालकर गर्म करें। अगर चीनी कैरेमल की तरह पिघलकर ब्राउन हो जाए और उसमें से खुशबू आने लगे तो चीनी असली है। जबकि नकली चीनी बर्तन में डालते ही जलने लगेगी और उसमें से अजीब सी दुर्गंध आने लगती है।

अगर आप भी अपने घर में इस्तेमाल होने वाली चीनी के असली और नकली होने का पता करना चाहती है, तो ऊपर बताए गए इन तरीकों को एक बार जरूर आजमा कर देखें। इससे आप अपनी और परिवार की सेहत को अच्छा बनाए रख सकती हैं।

## रास्ते में दिख जाए अर्थी तो भूलकर भी न करें ये गलती

सड़क पर चलते हुए अचानक अर्थी दिख जाने को कुछ लोग शुभ संकेत मानते हैं और कुछ अशुभ भी, लेकिन कुछ ऐसी सामान्य गलतियां हैं, जिन्हें इस स्थिति में भूलकर भी नहीं करनी चाहिए। आइए जानते हैं कि रास्ते में अर्थी दिखने पर किन गलतियों से बचना चाहिए।

अर्थी को देखकर मुंह फेर लेना, हंसना, या किसी भी प्रकार का अनादर दिखाना अशुभ माना जाता है। यह मृतक आत्मा के प्रति असम्मान व्यक्त करता है और नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित कर सकता है।

### रास्ता काटने की गलती

चलती हुई अर्थी के सामने से निकल जाना या उसका रास्ता काटना अत्यंत अशुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह मृतक की आत्मा की शांति में बाधा डालता है और आपके कार्यों में विघ्न उत्पन्न कर सकता है।

### शोर-शराबा करना

अर्थी के पास से गुजरते समय या उसे देखते समय तेज आवाज में बात करना, गाना गाना या किसी भी प्रकार का शोर करना उचित नहीं माना जाता है। इस समय मौन रहना और शांति बनाए रखना चाहिए।

### नकारात्मक विचार रखना

अर्थी देखने के बाद नकारात्मक विचार मन में लाना या डरना नहीं चाहिए। इसे जीवन की सच्चाई के रूप



में देखना चाहिए और सकारात्मक बने रहना चाहिए।


### तुरंत शुभ कार्य करना

कुछ मान्यताओं के अनुसार, अर्थी देखने के तुरंत बाद कोई नया या महत्वपूर्ण शुभ कार्य शुरू करना उचित नहीं माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह समय शोक और शांति का होता है।

सामने भोजन करना या पीठ दिखाना

कुछ लोग मानते हैं कि अर्थी देखने के तुरंत बाद भोजन करना अशुद्ध माना जा सकता है। इसलिए, अर्थी देखने के कुछ देर बाद ही भोजन करना चाहिए। अर्थी को पीठ दिखाकर आगे बढ़ना भी असम्मानजनक माना जाता है। कुछ क्षण रुककर, मृतक आत्मा के लिए प्रार्थना करते हुए और फिर आगे बढ़ना चाहिए। यदि आप वाहन चला रहे हैं और अर्थी दिखाई दे, तो हॉर्न न बजाएं और वाहन को धीरे चलाएं। मृतक के प्रति सम्मान दर्शाना चाहिए।

## जरूरत से ज्यादा सोचने से हैं परेशान तो दिनचर्या में शामिल करें कुछ आदतें



आज के समय में ओवरथिंकिंग की समस्या से बहुत से लोग परेशान हैं। इसलिए आइए इस लेख में कुछ ऐसी आदतों के बारे में जानते हैं जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में शामिल करके ओवरथिंकिंग को दूर कर सकते हैं।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अधिकतर लोग ओवरथिंकिंग यानी जरूरत से ज्यादा सोचने की समस्या से परेशान हैं। बार-बार एक ही बात को सोचना, भविष्य की चिंता करना या पुरानी घटनाओं को याद करके परेशान होना आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। इतना ही नहीं ये आदत आपके प्रोडक्टिविटी को भी नुकसान पहुंचाता है। इससे तनाव, चिंता और नींद की कमी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, ओवरथिंकिंग को कंट्रोल करने के लिए दिनचर्या में कुछ साधारण आदतों को शामिल कर सकते हैं। ये आदतें आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकती हैं। आईए, कुछ प्रमुख आदतों के बारे में जानते हैं जो आप अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।

### जर्नलिंग करें

जब दिमाग में ढेर सारे विचार एक साथ आते हैं, तो उन्हें कागज पर लिखना शुरू करें, ये एक प्रभावी प्रयोग है, जो आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। अपने विचारों, चिंताओं या डर को डायरी में लिखने से मन हल्का होता है और विचारों को व्यवस्थित करने में मदद मिलती है। यह प्रक्रिया न केवल ओवरथिंकिंग को कम करती है, बल्कि समस्याओं का समाधान ढूंढने में भी सहायक है।

**कैसे करें:** रोजाना 10-15 मिनट निकालकर अपनी भावनाओं और विचारों को बिना जज किए लिखें। इससे मन



शांत होगा और ओवरथिंकिंग कम होगी।

### वर्तमान में जीने की आदत डालें

ओवरथिंकिंग का मुख्य कारण भविष्य की चिंता या अतीत को बार-बार याद करना है। वर्तमान में रहने की आदत इस समस्या को कम कर सकती है। वर्तमान में ध्यान केंद्रित करने से दिमाग शांत रहता है और अनावश्यक विचारों का बोझ कम होता है।

**कैसे करें:** रोजाना 5-10 मिनट मेडिटेशन करें। खाना खाते समय उसका स्वाद महसूस करें या जो भी काम कर रहे हैं उसके बारे में सोचें और आनंद लें।

### स्क्रीन टाइम सीमित करें

खाली समय में फोन का अत्यधिक इस्तेमाल, खासकर सोशल मीडिया, ओवरथिंकिंग को बढ़ावा देता है। सोशल मीडिया पर दूसरों की जिंदगी देखकर तुलना करना या नकारात्मक खबरें पढ़ना चिंता को बढ़ाता है। दिन में 1-2 घंटे खुद के लिए समय जरूर निकालें। उस समय में आप अपनी पसंदीदा काम करें, जैसे- संगीत सुनें, किताब पढ़ें, या गार्डेनिंग करें। ध्यान रखें इस निश्चित समय के लिए फोन का नोटिफिकेशन बंद करें।

### दोस्तों से बात करें

जब मन भारी हो, तो अपने विचारों को किसी करीबी दोस्त



या परिवार के सदस्य से साझा करें। बातचीत न केवल मन को हल्का करती है, बल्कि नई दृष्टिकोण भी प्रदान करती है। जब मन भारी हो, तो खुद को व्यस्त रखें और अपने करीबी दोस्तों को मिलने भी जरूर बुलाएं। हो सके तो दोस्तों से अपने दिल की बात शेयर करें और मन हल्का करें। आपके जीवन में कोई न कोई दोस्त ऐसा होता है जिससे आप अपने मन की बात आसानी से कह सकते हैं।

कार्नर न्यूज

## बिना कपल को पता चले हो जाता है साइलेंट डिवोर्स

# नए सामाजिक परिवेश में तेजी से चलन बढ़ रहा साइलेंट डिवोर्स का, पता भी नहीं चल पाता और टूट जाते हैं रिश्ते

आइए जानते हैं साइलेंट डिवोर्स क्या होता है। साथ ही किन संकेतों से यह पता चलता है कि आप का अपने पार्टनर से मौन तलाक हो रहा है और साइलेंट तलाक के कारण क्या हो सकते हैं।

आज के दौर में जहां तलाक के मामले बढ़े हैं, वहीं तलाक के नए ट्रेंड भी अस्तित्व में आए हैं। तलाक के इन नए टर्म में ग्रे डिवोर्स, स्लीव डिवोर्स, सिल्वर डिवोर्स आदि शामिल है। वहीं भारत में इन दिनों साइलेंट डिवोर्स के मामलों में भी बढ़ोतरी देखी गई है। साइलेंट डिवोर्स यानी मौन तलाक। इस तरह के तलाक में कई बार कपल को पता ही नहीं होता कि उनका रिश्ता मौन तलाक की ओर बढ़ रहा है या वह साइलेंट तलाक ले चुके हैं। जब कपल को यह पता चलता है कि उनके बीच मौन तलाक हो चुका है तब वह कानूनी रूप से विच्छेद करते हैं। यह तलाक की कानूनी प्रक्रिया से पहले वाला चरण हो सकता है। आइए जानते हैं साइलेंट डिवोर्स क्या होता है। साथ ही किन संकेतों से यह पता चलता है कि आप का अपने पार्टनर से मौन तलाक हो रहा है और साइलेंट तलाक के कारण क्या हो सकते हैं।



### साइलेंट डिवोर्स क्या होता है?

साइलेंट डिवोर्स एक ऐसी वैवाहिक स्थिति है जिसमें पति-पत्नी कानूनी रूप से साथ होते हैं, यानी तलाक नहीं लेते, लेकिन भावनात्मक, मानसिक और संवाद के स्तर पर एक-दूसरे से पूरी तरह अलग हो जाते हैं। दोनों एक ही छत के नीचे रहते हैं, लेकिन उनके बीच न कोई भावनात्मक जुड़ाव होता है, न संवाद। उनके बीच शारीरिक तौर पर भी दूरियां आ सकती हैं। यह एक तरह का 'अदृश्य तलाक' होता है। साइलेंट डिवोर्स में आपके बीच रिश्ता तो जिंदा होता है लेकिन उसकी आत्मा और कपल के बीच का आपसी लगाव मर चुका होता है।

### साइलेंट डिवोर्स के संकेत

कहीं आपका रिश्ता साइलेंट डिवोर्स की तरफ तो नहीं बढ़ रहा, उसकी पहचान इन लक्षणों से की जा सकती है।

### बातचीत न होना

कपल के बीच आपस में जरूरी बातें भी नहीं होतीं हैं। उनके बीच संवाद ना के बराबर रह जाता है। दिनचर्या की बातें औपचारिकता मात्र रह जाती हैं।

### भावनात्मक दूरी

जब कपल एक दूसरे की भावनाओं से बेखबर रहते हैं। उनके बीच भावनात्मक तौर पर दूरियां आ जाती हैं। वह एक दूसरे के सुख-दुख में हिस्सा नहीं लेते हैं। पति और पत्नी को एक दूसरे की परेशानी, या विचार से कोई फर्क ही नहीं पड़ता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फॉर्मूला वन में नो बकवास फंडा अपनाएंगे ब्रैड पिट, रिलीज हुआ 'एफ 1' का ट्रेलर



निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ 1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए।

एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इदरीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।

एफ-1 को वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स द्वारा 25 जून को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में 27 जून को रिलीज की जाएगी। फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं।

फिल्म की कहानी ऐसी है, जिसमें सन्नी हेस (ब्रैड पिट), एक फॉर्मूला वन ड्राइवर जिसने 1990 के दशक में रेस की थी, एक भयानक दुर्घटना का शिकार हो जाता है, जिसकी वजह से उसे फॉर्मूला वन से रिटायर होकर सामान्य जीवन जीने लगता है। फॉर्मूला वन टीम के मालिक और दोस्त, रूबेन, हेस से संपर्क करते हैं और उसे एपेक्स ग्रैंड प्रिक्स टीम के लिए ₹नोआह₹ पीयर्स को प्रशिक्षित करने के लिए रिटायरमेंट से बाहर आने के लिए कहते हैं। यूट्यूब पर 14 घंटों में इस फिल्म के ट्रेलर को 81 हजार से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं।

### टॉलीवुड

## लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग, वायरल तस्वीरों पर यूजर्स ने दिए रिएक्शन



लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में रविवार 11 मई को दक्षिण भारतीय फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग हुई। इस स्क्रीनिंग से जुड़ी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है। इस तस्वीर पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी रिएक्शन दिया है।

एसएस राजामौली निर्देशित साउथ इंडियन फिल्म 'आरआरआर'साल 2022 में रिलीज हुई और देश-दुनिया में छा गई। विदेश दर्शक भी इस फिल्म के दीवाने हो गए। फिल्म 'आरआरआर' के एक गाने 'नाटू नाटू' को ऑस्कर अवार्ड भी मिला। इस फिल्म को गोल्डन ग्लोब जैसे इंटरनेशनल अवॉर्ड फंक्शन में काफी सराहा गया। हाल ही में इस फिल्म की स्क्रीनिंग लंदन के मशहूर रॉयल अल्बर्ट हॉल में की गई। इस स्क्रीनिंग की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रही हैं, जिसे भारतीय दर्शक सराहा रहे हैं।

### छॉलीवुड

## कल से छत्तीसगढ़ी सिनेमा की धमक, 'मोर छइयां भुइयां 3' का प्रदर्शन समूचे राज्य में



छत्तीसगढ़ी सिनेमा के इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ने जा रहा है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मोर छइयां भुइयां' की तीसरी कड़ी, 'मोर छइयां भुइयां 3', शुक्रवार से सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। सतीश जैन के निर्देशन में बनी यह फिल्म छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संदेशों का शानदार मिश्रण है, जो दर्शकों को एक बार फिर थिएटर्स की ओर खींचने का वादा करती है। 'मोर छइयां भुइयां 3' एक पारिवारिक ड्रामा और एक्शन से भरपूर फिल्म है, जो छत्तीसगढ़ी परिवेश को जीवंत करती है। विगत दिनों जारी हुए गानों को दर्शकों ने खूब पसंद किया, वहीं फिल्म का ट्रेलर भी धूम मचा रहा है। फिल्म में मुख्य नायकों की भूमिका में मन कुरैशी, दीपक साहू, और लक्षित झांझी नजर आएंगे, जबकि नायिकाओं के रूप में ऐल्सा घोष, ऋचा दीक्षित, दीक्षा जायसवाल, और इशिका यादव दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं। खलनायकों की भूमिका में नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित और धर्मेंद्र चौबे दमदार अभिनय के साथ कहानी में रोमांच जोड़ेंगे।फिल्म में अन्य उल्लेखनीय कलाकारों में सुपर स्टार प्रकाश अवस्थी, सुरेश गोडाले, मनोज जोशी, अंजली सिंह, सुमित्रा साहू, संजय महानंद, पूरन किरी, उपासना वैष्णव, अनुराधा दुबे, विवेक चंद्रा, शीतल शर्मा, और छोटे लाल साहू व बाल कलाकार में अजमत फरीदी, अक्ष सोनी, आद्य साहू सहित कई प्रतिभाशाली चेहरे शामिल हैं। कुल 40 से अधिक कलाकारों की मौजूदगी होगी सह-निर्माता ललित सिन्हा और कार्यकारी निर्माता आलेख चौधरी ने प्रोडक्शन को भव्यता प्रदान की है। छायांकन सिद्धार्थ सिंह ने किया है, जो छत्तीसगढ़ के खूबसूरत लोकेशन्स को पर्दे पर जीवंत करते है।

संगीत सुनील सोनी का है, जिसमें स्वर्गीय लक्ष्मण मस्तुरिया, सतीश जैन, और गिरवर दास मानिकपुरी के गीत शामिल हैं। गायकों में सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, मनोज वर्मा, गोरेलाल बर्मन, अनुपमा मिश्रा, कंचन जोशी, चंपा निषाद, और मोनिका सोनी जैसे नाम जो फिल्म के गानों को यादगार बनाते है। कोरियोग्राफी चंदन दीप, एक्शन कुन्ड्राथुर एस. बाबू, और संपादन तुलेन्द्र पटेल ने किया है, जो फिल्म को तकनीकी रूप से मजबूत बनाते हैं। लाइन प्रोड्यूसर के तौर पर कसडोल के सुनील साहू ने महत्वपूर्ण दायित्व निभाया है। निर्माता-निर्देशक सतीश जैन मल्टीप्लेक्स और स्थानीय सिनेमाघरों में पोस्टर, ट्रेलर स्क्रीनिंग, और सोशल मीडिया कैंपेन के जरिए दर्शकों तक फिल्म की पहुंच बनाई जा रही है। सतीश जैन का कहना है कि-पार्ट 3 में हमने नई कहानी और आधुनिक प्रस्तुति के साथ दर्शकों को कुछ खास देने की कोशिश की है। सतीश जैन ने बताया, यह फिल्म आज के सामाजिक और पारिवारिक मुद्दों को छूती है।

### इतालवी फैशन




लाइफ स्टाइल

इटली में डोल्से एंड गब्बाना ने मेन्स फैशन शो ₹एसेन्ज़ा₹ के साथ अपनी विरासत को बरकरार रखा है। ब्रांड की परंपराओं की श्रृंखला लालित्य, सटीकता और कामुकता के साथ तैयार की गई है। नए ढंग की डिजाइन के साथ काले रंगों की भावना, कट और कीमती कढ़ाई असाधारण इतालवी शिल्प कौशल नजर आता है।

## गर्मियों में भी स्किन रहेगी खिली-खिली, तरबूज से बनाएं फेस मास्क

गर्मियों के मौसम में यदि आप भी अपनी स्किन को ग्लोइंग देखना चाहती हैं, तो एक्सपर्ट के बताए इस होममेड तरबूज के फेस मास्क को जरूर ट्राई करें। जिस तरह तरबूज के सेवन से गर्मियों में पेट ठंडा रहता है। ठीक उसी तरह इसका त्वचा पर इस्तेमाल करने से स्किन ग्लो करने लगती है और फेस पर ठंडक की वजह से पिंपल्स और मुंहासे भी नहीं होते हैं। इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट कुशाग्री व्यास बता रही हैं कि तरबूज के फेस पैक में किन दो चीजों को मिलाकर लगाया जा सकता है। जिससे आपकी त्वचा भी गर्मियों में खिली-खिली रहे। इसके लिए आपको तरबूज का छिलका और बीज हटाकर उसका पल्प निकाल लेना है। अब आप इसमें एक चम्मच शहद डालकर मिक्स करें। फिर आपको इसमें एक चम्मच ग्लिसरीन डालकर अच्छी तरह मिला लेना है। अब आप इस तरबूज के फेस मास्क को रगड़ते हुए अपने फेस पर अप्लाई करें। अच्छी तरह सूख जाने के बाद आप फेस को नार्मल पानी से वॉश कर लें। इसके बाद फेस पर गुलाब जल लगाएं। इस फेस पैक से आपकी गर्मियों में तेज धूप



की वजह से झुलस चुकी त्वचा या सनबर्न आदि में राहत मिलती है। इससे आपकी स्किन ग्लोइंग बनने के साथ उसपर फुंसी-दाने आदि भी नही निकलते हैं। आप तरबूज के इस फेस पैक को हफ्ते में एक बार फेस पर लगा सकती हैं।

**तरबूज खाने के फायदे**

तरबूज में पानी भरपूर मात्रा में रहता है इसलिए ये शरीर को हाइड्रेट रखता है, जिससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती।

**त्वचा की रंगत निखारे**

खूबसूरत त्वचा चाहिए तो रोजाना तरबूज खाना शुरू कर दें। तरबूज में मौजूद विटामिन सी त्वचा की चमक बढ़ाता है। रोजाना तरबूज खाने से स्किन का ग्लो बढ़ता है। साथ ही कई स्किन प्रॉब्लम्स से भी छुटकारा मिलता है।

**स्किन को हाइड्रेट करे**

तरबूज स्किन के लिए एक बेहतरीन मॉइस्चराइजर है। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आपके लिए रोजाना तरबूज का सेवन करना बहुत फायदेमंद है। तरबूज में पानी भरपूर मात्रा में होता है। इसे खाने से स्किन हाइड्रेट रहती है और त्वचा की चमक बढ़ती है।

**झुर्रियों से बचाए**

अगर आपकी त्वचा पर उम्र से पहले फाइन लाइन्स और झुर्रियां नजर आने लगी हैं तो तरबूज खाना शुरू कर दें। तरबूज में मौजूद विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट के गुण त्वचा को जवां निखार देते हैं। रोजाना तरबूज खाने से फाइन लाइन्स और झुर्रियां कम होने लगती हैं।

**रूखी त्वचा को मुलायम बनाए**

तरबूज में मौजूद मैग्नीशियम त्वचा को ड्राई होने से बचाता है। मैग्नीशियम त्वचा को मॉइस्चराइज करने का काम करता है जिससे त्वचा का रूखापन कम होने लगता है।

## बनवाएं स्टाइलिश कुर्ती में स्लीव्स डिजाइन, नहीं होगा गर्मी का एहसास

फैशन



गर्मियों के मौसम में निकलने वाली तेज धूप की वजह से अक्सर हम स्टाइल को भूल जाते हैं और ऐसे कपड़ों की तलाश करने लगते हैं। जिसको पहनने के बाद हमें कम्फर्टेबल फील हो।



दरअसल समर सीजन में हमें कपड़े के फैब्रिक से लेकर डिजाइन और कैरी करने का स्टाइल सब कुछ ध्यान में रखना पड़ता है ताकि लुक गॉर्जियस नजर आए। अधिकतर लोग गर्मियों में वेस्टर्न से ज्यादा इंडियन लुक को पसंद करते हैं। इस सीजन में ढीली-ढीली कॉटन की कुर्तियां और सूट लड़कियों की पहली पसंद रहते हैं। इनको पहनने के बाद आप घंटों काम और घूम फिर सकती हैं। साथ ही, आपका फैशनेबल लुक भी बरकरार रहता है। ऐसे में कुर्ती के साथ यदि उसकी स्लीव्स का डिजाइन यूनिक नहीं होता है, तो लुक मॉडर्न नहीं लगता है। ऐसे में यदि आप कुर्ती में भी अपने लुक को क्लासी टच देना चाहती हैं तो आपके लिए कुछ अट्रैक्टिव और ट्रेंडी स्लीव्स के खास डिजाइन्स हैं। जिनको आप कुर्तियों में अपने टेलर से गर्मी के मौसम में बनवा सकती हैं। यह डिजाइन आपको कंफर्ट के साथ स्मार्ट लुक भी देंगे। आइए देखें 3 लेटेस्ट कुर्ती स्लीव्स डिजाइन्स।

### अम्ब्रेला विद कट स्लीव्स डिजाइन

गर्मियों में थोड़े लूज फिटिंग के कपड़े पहनना ज्यादा पसंद किया जाता है। ताकि पसीना ज्यादा न आए और आरामदायक महसूस करें। ऐसे में आप अपनी कुर्ती या सूट की स्लीव्स डिजाइन को अंब्रेला कट के साथ ऐसा कट डिजाइन बनवा सकती हैं। इस हेक्सागॉन डिजाइन के बीच में आप गोल्डन या व्हाइट कलर के मोती लगवा सकती हैं। यह डिजाइन काफी स्टाइलिश लुक देगा।

### एल्बो लेंथ विद फ्रिल स्लीव्स डिजाइन

आप अपने कुर्ते की स्लीव्स को इस तरह से एल्बो लेंथ के साथ बनवाकर नीचे की ओर कपड़े की फ्रिल लगवा सकती हैं। यह डिजाइन काफी यूनिक और क्लासी लगता है। ऐसे में आप इसे अपने किसी भी कॉटन सूट या कुर्ती के साथ स्टिच करा सकती हैं। आप चाहे तो कपड़े की जगह नेट की भी फ्रिल लगवा सकती हैं, लेकिन नेट कपड़े की हो अन्यथा वो आपके चुभने लगेगी। प्लेन सूट के संग ऐसी स्लीव्स बेस्ट रहती हैं।

## बालों में क्लेचर के बजाय लगाएं हेयर एक्सेसरीज



अगर आप भी भीड़ से हटके दिखना चाहती हैं और अपने बालों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो अब आप अपने ऑफिस या कॉलेज में इस तरह की खूबसूरत हेयर एक्सेसरीज को ट्राई कर सकती हैं। महिलाएं अपने बालों को सुंदर, लंबा और घना बनाने की काफी कोशिश करती है। यही नहीं अपने बाल अट्रैक्टिव दिखे इसलिए वे कई अलग अलग तरह के क्लेचर का भी इस्तेमाल करती हैं, लेकिन अगर आप भी भीड़ से हटके दिखना चाहती हैं और अपने बालों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो अब आप अपने ऑफिस या कॉलेज में इस तरह की खूबसूरत हेयर एक्सेसरीज को ट्राई कर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। आइए जानते हैं इन एक्सेसरीज के बारे में।

### सफेद क्रिस्टल स्टडेड फ्रेंच बाराटे हेयर क्लिप

अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक है, जो अपने बालों को खूबसूरत बनाने के लिए कई प्रयास करती हैं, तो अब आप अपने बालों में इस खूबसूरत गोल्ड टोन्ड बो डिज़ाइन सफेद क्रिस्टल स्टडेड फ्रेंच बाराटे हेयर क्लिप का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे अपने बालों में लगा कर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। इस तरह के क्लिप को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### अलिगटर हेयर क्लिप

आपके घर में या आपकी दोस्त के यहां कोई फंक्शन है और आप वहां अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरना चाहती हैं, तो अब आप उस फंक्शन के दौरान अपने बालों को खूबसूरत बना सकती हैं। आप अपने ट्रेडीशनल आउटफिट के साथ या किसी भी तरह के कपड़ों के साथ अपने बालों को ओपन कर इस खूबसूरत अलिगटर हेयर क्लिप को लगा सकती हैं।

## काले होंठों को गुलाबी करने का उपाय मौजूद है आपकी रसोई में, जानें फायदे

काले होंठ दिखने में काफी खराब लगते हैं। इसकी वजह से हम जब भी कोई लिपस्टिक या लिप बाम लगाते हैं, तो वो चेहरे पर अलग से नजर आते हैं। इसका कारण बॉडी में होने वाले चेंज भी हो सकते हैं। साथ ही, बदलते मौसम की वजह से भी होंठ खराब नजर आते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप जिस तरह से अपने चेहरे की स्किन का ध्यान रखती हैं, वैसे ही अपने होंठो की स्किन का खास ध्यान रखें। इसके लिए आप घर पर रखे शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहें तो डायरेक्ट होंठों पर शहद को लगा सकती हैं। लेकिन अगर आप इसकी स्किन को गुलाबी करना चाहती हैं, तो ऐसे में



आपको शहद और चुकंदर का इस्तेमाल करना होगा। इसके लिए आपको एक कटोरी में 2 चम्मच शहद लेना है। इसे चुकंदर में लगाकर अपने होंठों पर रब करना है।इसे करीब 10 से 15 मिनट के लिए हल्के हाथों से रब करें। इसके बाद होंठों को साफ करके लिप बाम लगा लें। इस तरीके को रोजाना करने से आपके होंठों की स्किन साफ हो जाएगी। शहद को होंठों पर लगाने से क्या होता है। शहद को होंठों पर लगाने से आपकी डेड स्किन साफ हो जाती है। जब आप इसे रेगुलर इस्तेमाल करते हैं, तो होंठ गुलाबी नजर आते हैं।शहद आप चाहें तो चीनी की तरह लगाएं। आपके होंठों को गुलाबी पन बना रहेगा।

इस तरह से आप अपने होंठों पर शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके होंठ साफ नजर आएंगे। साथ ही, कुछ ही समय में मुलायम भी हो जाएंगे। बस आपको सही तरीके से इसे अप्लाई करना है। आप चाहें तो इसे लगाने से पहले एक्सपर्ट राय भी ले सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

## फैशन के दौर में स्टाइलिश बियर्ड रखने पर नजरें नहीं हटेंगी आपसे

# स्क्वायर फेस वालों के लिए बियर्ड स्टाइल होनी चाहिए सबसे अलग, मिलेगा स्टाइलिश लुक

अक्सर मेहनत से दाढ़ी बढ़ाने के बाद ये अहसास होता है कि, ये बियर्ड स्टाइल तो चेहरे पर सूट ही नहीं कर रही है। जबकि फलां फिल्म स्टार या क्रिकेटर ने ऐसी बियर्ड रखी थी, उस पर तो बहुत अच्छी लग रही थी।

ऐसा होने के पीछे की वजह एक बेसिक की अनदेखी है। आपने बियर्ड रखने के लिए स्टाइल को तो देखा लेकिन चेहरे के शेप पर ठीक से ध्यान नहीं दिया। बियर्ड के सही दिखने का फैक्टर कई बातों पर निर्भर करता है।

इन फैक्टर्स में बालों की मोटाई, घनत्व और लंबाई के साथ ही चेहरे का आकार भी निर्भर करता है। जैसे, लंबे चेहरे वाले लोगों के चेहरे पर जो बियर्ड सूट करती है जरूरी नहीं है कि, वो गोल चेहरे वालों पर भी सूट करे।

इसलिए, दाढ़ी के स्टाइल पर भी थोड़ी रिसर्च करनी जरूरी है। शानदार बियर्ड स्टाइल न सिर्फ आपको स्टाइलिश लुक देगा बल्कि जॉ लाइन को उभारने में भी मदद कर सकता है।



### स्क्वायर फेस शेप

स्क्वायर फेस शेप की सबसे बड़ी खूबी उनकी जॉ लाइन में छिपी होती है। स्क्वायर फेस या चौकोर चेहरे वालों में माथे, गाल की हड्डियां और जबड़े की हड्डियां समान चौड़ाई की होती हैं। लेकिन जबड़े के एंगल्स शार्प हो सकते हैं।

स्क्वायर फेस शेप वाले अक्सर दिखने में राउंड फेस या गोल चेहरे वालों की तरह ही दिखते हैं। लेकिन, ये जॉ लाइन ही है जो दोनों को एक-दूसरे से अलग करती है। स्क्वायर फेस कट वाले लोगों के चेहरे में कर्व या मोड़ बहुत कम होते हैं। स्क्वायर फेस शेप वालों के लिए बियर्ड स्टाइलः

### द क्लासिक फ्रेंच कट/सर्किल बियर्ड

द क्लासिक फ्रेंच कट शानदार और क्लासिक बियर्ड स्टाइल है। ये बियर्ड स्टाइल मेंटेन करने में भी बहुत आसान होती है। भले ही आप नए बियर्ड लवर हैं या फिर चाहें पहली बार बियर्ड मेंटेन करने जा रहे हों। अगर आप एक्सपर्ट बियर्ड मैन हैं तो ये बियर्ड स्टाइल बढ़ाना आपके लिए मजेदार अनुभव होगा। ये आपके गाल की हड्डियों के पास कवर देता है। जबकि ये आपकी ठोडी पर मौजूद बालों के लिए जरूरी वॉल्यूम देने में भी मदद करती है। ये बेहतरीन बियर्ड स्टाइल है जो स्क्वायर फेस शेप वाले आसानी से मेंटेन कर सकते हैं। सर्किल बियर्ड असल में खुद कोई बियर्ड स्टाइल नहीं है। बल्कि ये एक लुक है जो बियर्ड और मुस्टैच से मिलकर बनता है। सर्किल बियर्ड में गोटी और मुस्टैच मिलकर एक फुल सर्किल बनाते हैं। ये वर्सटाइल बियर्ड स्टाइल न सिर्फ लंबे बालों के साथ ठीक लगती है बल्कि हर मौके पर भी परफेक्ट दिखती है।



### द शॉर्ट बॉक्स्ड बियर्ड

शॉर्ट बॉक्स्ड बियर्ड में बियर्ड की लंबाई मध्यम रहती है जबकि मूंछों की लंबाई शॉर्ट रखी जाती है। यही इस बियर्ड स्टाइल की खूबी भी होती है। ये बियर्ड आम बियर्ड की तुलना में ज्यादा फुल लुक देती है। इस स्टाइल में चेहरा भी अन्य स्टाइल की तुलना में ज्यादा भरा हुआ दिखता है।